RNI : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 121 ● भिलाई, शुक्रवार 14 नवम्बर 2025 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### वह कोई रॉबिन हुड नहीं', राजा वड़िंग की गिरफ्तारी के आदेश जारी

**चंडीगढ़।** पूर्व मंत्री बूटा सिंह पर दिए बयान को लेकर पंजाब कांग्रेस के प्रधान राजा वड़िंग की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। इस मामले को लेकर पंजाब स्ट कमीशन के चेयरमैन जसबीर सिंह गढ़ी ने वड़िंग की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। डीएसपी कपूरथला हरगुरदेव सिंह को चंडीगढ़ तलब कर पूछा कि अब तक राजा वड़िंग को गिरफ्तार क्यों नहीं किया? इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि वड़िंग की वीडियो की फोरेंसिक जांच होगी। इसमें हफ्ता-10 दिन लगेंगे। दिवंगत बूटा सिंह के बेटे ने स्ट सर्टिफिकेट दिया है। इसके बाद चेयरमैन गढ़ी ने 8 दिन के अंदर राजा वड़िंग को गिरफ्तार करने के आदेश दिए। गढ़ी ने कहा कि राजा वड़िंग है कोई रॉबिन हुड नहीं है जो आपको मिल नहीं रहा। उन्होंने कहा कि वड़िंग तरनतारन और नवांशहर में घूम रहा है, आपको क्यों नहीं मिल रहा। ये तो वो बात हो गई कि खरगोश खुले मैदान में है और शिकारी ने अपने कुत्तों की चेन पकड़ रखी है।

### बिना मां-बाप की बच्ची, चाची ने डाला केमिकल, भूखा रखा

**मेरठ ।** जानी थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय किशोरी के साथ उसकी चाची ने हैवानियत की हदें पार कर दीं। चाची ने केमिकल डालकर किशोरी का निजी अंग जला दिया। एक सप्ताह पूर्व हुई इस घटना का खुलासा किशोरी ने सोमवार शाम अपनी शिक्षिका के सामने किया। थाना जानी पुलिस ने शिक्षिका की तहरीर पर आरोपी चाची के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने किशोरी को अस्पताल में भर्ती करवाया है। किशोरी के पिता की मौत सात-आठ साल पूर्व हो चुकी है। इसके बाद किशोरी की मां भी उसे चाचा-चाची के भरोसे घर छोड़कर चली गई थी। तब से किशोरी अपने चाचा-चाची के पास रहती है। किशोरी गांव के ही सरकारी स्कूल में कक्षा सातवीं की छात्रा है। शिक्षिका के अनुसार कई दिनों से किशोरी स्कूल नहीं आ रही थी। इसे लेकर उन्होंने सोमवार को बच्चों को उसके घर भेजकर पता करवाया। इसके बाद किशोरी स्कूल आ गई। स्कूल में वह सही तरह से चल नहीं पा रही थी।

भूपेश बघेल को बड़ा झटका!

# शराब घोटाले में चैतन्य की 61 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की कुर्क

रायपुर/ संवाददाता

ईडी ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। जाँच में चैतन्य को शराब सिंडिकेट का शीर्ष नियंत्रक बताया गया है, जिसने 2500 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध आय (पीओसी) को अपने रियल एस्टेट कारोबार, विट्ठल ग्रीन प्रोजेक्ट में लगाया। यह कुर्की 215 करोड़ रुपये की पिछली कुर्की के अतिरिक्त है, जो घोटाले की व्यापकता दर्शाती है। प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की चल रही जाँच के सिलसिले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। कुर्क की गई संपत्तियों में 59.96 करोड़ रुपये मूल्य के 364 आवासीय भूखंडों और कृषि भूमि के रूप में अचल संपत्तियाँ, साथ ही बैंक बैलेंस और सावधि जमा के रूप में 1.24 करोड़ रुपये मूल्य की चल संपत्तियाँ शामिल हैं। ये संपत्तियाँ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत ज़ब्त की गईं। 61.20 करोड़ रुपये की वर्तमान कुर्की, लगभग 215 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों की पूर्व की कुर्कियों के क्रम में है। ईडी के छत्तीसगढ़ जोनल कार्यालय ने 10 नवंबर को इन संपत्तियों को जब्त कर लिया, जो राज्य में शराब घोटाले में भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं




के तहत छत्तीसगढ़ की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई जांच के हिस्से के रूप में थी। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पुलिस जांच से पता चला है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के कारण राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और अनुसूचित अपराधों के कमीशन से उत्पन्न 2500 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध आय (पीओसी) से लाभार्थियों की जेबें भर गईं। ईडी ने अपने बयान में कहा, पीएमएलए के तहत की गई जाँच से पता चला है कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल शराब सिंडिकेट के शीर्ष पर थे। मुख्यमंत्री के बेटे होने के नाते, उन्हें शराब सिंडिकेट का नियंत्रक और सर्वोच्च अधिकारी बनाया गया था। सिंडिकेट द्वारा एकत्र किए गए सभी अवैध धन का हिसाब (हिसाब) रखने की ज़िम्मेदारी उन्हीं की थी। ऐसे धन के संग्रह, चैनलाइज़ेशन और वितरण (पीओसी) से संबंधित सभी बड़े फैसले उनके निर्देशों के तहत लिए जाते थे। ईडी की जाँच में यह भी पता चला कि चैतन्य को अपराध से प्राप्त आय (पीओसी) प्राप्त हुई थी, जिसे उन्होंने अपने रियल एस्टेट व्यवसाय में शामिल किया और बेदाग संपत्ति के रूप में पेश किया।

### धन शोधन के मामलों की जांच के तहत कार्रवाई

ईडी के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियों में 59.96 करोड़ मूल्य की 364 आवासीय भूखंडों और कृषि भूमि के रूप में अचल संपत्तियां शामिल हैं। इसके अलावा, ?1.24 करोड़ की चल संपत्तियां बैंक बैलेंस और सावधि जमा के रूप में पाई गई हैं। यह कदम छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामलों की जांच के दौरान उठाया गया है। ईडी की कार्रवाई से राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

**ईडी ने इन संपत्तियों को कुर्क किया-** 59.96 करोड़ रुपये मूल्य के 364 आवासीय भूखंडों और कृषि भूमि के रूप में अचल संपत्तियां, 1.24 करोड़ रुपये मूल्य की बैंक बैलेंस और सावधि जमा के रूप में चल संपत्तियां। अनुसूचित अपराधों के माध्यम से अर्जित 2500 करोड़ रुपये की अपराध आय पीओसी।

अंबादास दानवे ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

# डिप्टी सीएम पवार के बेटे पार्थ को बचा रहे सीएम फडणवीस

मुंबई/ एजेंसी

शिवसेना यूबीटी के नेता अंबादास दानवे ने महाराष्ट्र जमीन सौदे के मामले में सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दानवे ने आरोप लगाया कि सीएम दवेंद्र फ्डणवीस, पुणे के जमीन सौदे में आरोपी और डिप्टी सीएम अजित पवार के बेटे पार्थ पवार को बचाने में जुटे हैं। पुणे जमीन सौदे के विवाद में पार्थ पवार ही केंद्र में हैं। दानवे ने आरोप लगाया कि सरकार पार्थ पवार को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। शिवसेना यूबीटी के नेता अंबादास दानवे ने पार्थ पवार के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग



की। शिवसेना यूबीटी नेता ने दावा किया कि इस विवाद के बाद डिप्टी सीएम अजित पवार ने गुस्से में सरकार से इस्तीफा देने की भी पेशकश की है। दानवे ने कहा कि 'वर्षा (महाराष्ट्र सीएम का आधिकारिक आवास) में एक बैठक हुई, जिसमें अजित पवार ने नाराजगी में इस्तीफा देने और सरकार को बाहर से समर्थन देने की पेशकश की। पुणे के मंधवा इलाके में 40 एकड़ सरकारी जमीन को अमादिया एंटरप्राइजेज एलएलपी नामक कंपनी ने 300 करोड़ रुपये में खरीदा था। अमादिया एंटरप्राइजेज में डिप्टी सीएम अजित पवार के बेटे पार्थ पवार साझेदार हैं। यही वजह है कि आरोप लग रहे हैं कि इस सौदे में गड़बड़ी हुई । और नियमों का पालन नहीं किया गया और न ही जरूरी मंजूरी ली गई। विपक्ष का आरोप है कि जिस जमीन का 300 करोड़ रुपये में सौदा हुआ, उसकी असल कीमत करीब 1800 करोड़ रुपये है।

### वह कोई रॉबिन हुड नहीं', राजा वड़िंग की गिरफ्तारी के आदेश जारी

**चंडीगढ़।** पूर्व मंत्री बूटा सिंह पर दिए बयान को लेकर पंजाब कांग्रेस के प्रधान राजा वड़िंग की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। इस मामले को लेकर पंजाब स्ट कमीशन के चेयरमैन जसबीर सिंह गढ़ी ने वड़िंग की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। डीएसपी कपूरथला हरगुरदेव सिंह को चंडीगढ़ तलब कर पूछा कि अब तक राजा वड़िंग को गिरफ्तार क्यों नहीं किया? इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि वड़िंग की वीडियो की फोरेंसिक जांच होगी। इसमें हफ्ता-10 दिन लगेंगे। दिवंगत बूटा सिंह के बेटे ने स्ट सर्टिफिकेट दिया है। इसके बाद चेयरमैन गढ़ी ने 8 दिन के अंदर राजा वड़िंग को गिरफ्तार करने के आदेश दिए।

सीएम उमर का बड़ा बयान

# हर कश्मीरी आतंकी नहीं, कुछ ही लोग गुमराह! उमर अब्दुल्ला

नई दिल्ली/ एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को नई दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट की निंदा की, जिसमें कम से कम 12 लोग मारे गए थे। साथ ही, उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों द्वारा अपनाए गए शांति और भाईचारे के आदर्शों की भी पुष्टि की। दिल्ली में कथित आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए, मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि कुछ ही लोगों ने इस क्षेत्र में शांति और भाईचारे को नष्ट किया है और हर कश्मीरी को आतंकवाद से जुड़ा बताना उचित नहीं है। मुख्यमंत्री



अब्दुल्ला ने यहाँ संवाददाताओं से कहा कि यह बेहद निंदनीय है। कोई भी धर्म इतनी क्रूरता से निर्दोष लोगों की हत्या को उचित नहीं ठहरा सकता। जाँच जारी रहेगी, लेकिन हमें एक बात याद रखनी चाहिए - जम्मू-कश्मीर का हर निवासी आतंकवादी नहीं है या आतंकवादियों से जुड़ा नहीं है। ये कुछ ही लोग हैं जिन्होंने हमेशा यहाँ शांति और भाईचारे को नष्ट किया है। जब हम जम्मू-कश्मीर के हर निवासी और हर कश्मीरी मुसलमान को एक ही विचारधारा से देखते हैं और सोचते हैं कि उनमें से हर एक आतंकवादी है, तो लोगों को सही रास्ते पर रखना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने ज़िम्मेदार लोगों को कड़ी सज़ा देने का आह्वान किया। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि निर्दोष लोग इससे दूर रहें। विस्फोट के आरोपियों के पेशेवर पृष्ठभूमि से होने, जिनमें डॉक्टर भी शामिल हैं।

संजय ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

# बिहार चुनाव में 'वोट चोरी का महाघोटाला

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनावों में बड़े पैमाने पर चुनावी गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि लगभग 80 लाख वोट चोरी किए गए। उन्होंने भाजपा पर इस धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप लगाया। 14 नवंबर को घोषित होने वाले नतीजों से पहले एएनआई से बात करते हुए, सिंह ने ज़ोर देकर कहा कि वोटों में कथित हेराफेरी का चुनाव परिणामों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। सिंह ने कहा कि हमें 14 नवंबर को नतीजों का इंतज़ार करना होगा। मैं एक बात



स्पष्ट रूप से कह रहा हूँ कि वोट चोरी का इस चुनाव पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बिहार में 80 लाख वोट चुराए गए। 80 लाख मतदाताओं को उनके मताधिकार से वंचित किया गया।

### धमाके से दस दिन पहले दिल्ली में ही था डॉ.आदिल...

**सहारनपुर।** डॉ. आदिल अहमद की परत दर परत खुलती जा रही है। उसके घर के बाहर कचरे से फ्लाइट का टिकट मिला है, जो 31 अक्तूबर का है। यह टिकट श्रीनगर से दिल्ली का है। इससे साफ स्पष्ट होता है कि धमाके से 10 दिन पहले आदिल दिल्ली में था। वहां से कब सहारनपुर लौटा था यह जांच का विषय है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डॉ. आदिल अहमद को सहारनपुर से छह नवंबर में गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद उसके कश्मीर स्थित घर से एके-47 बरामद हुई थी। डॉ. आदिल की गिरफ्तारी के बाद ही फ्रीदाबाद में विस्फोटक सामग्री मिली थी। 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास धमाका हुआ था।

ढाका में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, सेना सड़कों पर उतरी

# शेख हसीना के खिलाफ मुकदमे में 17नवंबर को आएगा फैसला, हिंसा का डर, अलर्ट पर बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश की विशेष अदालत 'अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण' पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ 17 नवंबर को फैसला सुनाएगी। फैसले को देखते हुए बांग्लादेश में तनाव का माहौल है। गुरुवार को शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने बंद का एलान किया है। अवामी लीग के बंद के चलते राजधानी ढाका में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी है और लॉकडाउन जैसे हालात हैं। बांग्लादेश हाई अलर्ट पर है। अभियोजक टीम के एक सदस्य ने बताया कि अपराध न्याधिकरण तय शेड्यूल के मुताबिक ही अपना फैसला सुनाएगा। अवामी लीग के बंद और शेख हसीना के खिलाफ फैसले को देखते हुए सरकार ने ढाका में सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश और दंगा रोधी पुलिस के जवानों की तैनाती की है। ढाका की सड़कें खाली दिखाई दे रही हैं, बसों की आवाजाही भी सीमित है। कई निजी संस्थानों और विश्वविद्यालयों ने अपनी कक्षाएं ऑनलाइन चलाने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ढाका, मुंशीगंज, सेंट्रल तंगैल और दक्षिण पश्चिमी गोपालगंज इलाके में अज्ञात लोगों ने पांच खाली बसों को आग लगा दी।



शेख हसीना के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में 17 नवंबर को फैसला सुनाया जाएगा। अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना के लिए मौत की सजा की मांग की है। शेख हसीना के साथ ही इस मामले में पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान और पूर्व पुलिस प्रमुख अब्दुल्ला अल मनुन भी आरोपी हैं। इन पर आरोप है कि इन लोगों ने बीते साल छात्र आंदोलन को कुचलने की कोशिश की। इसी छात्र आंदोलन के चलते शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था और बांग्लादेश छोड़कर भारत आना पड़ा था। शेख हसीना ने अपने ऊपर लगे आरोपों को मनगढ़ंत बताया और कहा कि उनके खिलाफ यह पूरा केस राजनीतिक साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके मामले पर सुनवाई कर रहा ट्रिब्यूनल निष्पक्ष नहीं है।

मतगणना के दौरान किसी भी असंवैधानिक गतिविधि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार

# बिहार की सत्ता का फाइनल फैसला आज एनडीए या महागठबंधन, किसके सिर पर सजेगा ताज......?

पटना/ एजेंसी

क्या बिहार में नीतीश कुमार का दो दशक पुराना शासन जारी रहेगा, या राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पार्टी की कमान संभालने के बाद अपनी पहली बड़ी चुनावी जीत हासिल करेंगे? इसका जवाब शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों के साथ ही मिल जाएगा, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हैं। भाजपा, जदयू और लोजपा (रामविलास) वाला राजग एक और कार्यकाल के लिए सत्ता में आने की उम्मीद कर रहा है, जबकि विपक्षी दल महागठबंधन - जिसमें राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल प्रमुख घटक हैं - अगली सरकार बनाने की उम्मीद कर रहा है। 2020 के बिहार चुनाव में जब नीतीश कुमार ने मामूली बहुमत के साथ सरकार बनाई थी, तब तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले गठबंधन को 12,000 से कुछ अधिक वोटों की कमी खली थी। इस चुनाव में प्रशांत किशोर भी एक बड़े फैक्टर हैं। दोनों चरणों में 38 जिलों के



7.4 करोड़ से ज़्यादा मतदाताओं ने 2,616 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने के लिए वोट डाले। बिहार में ऐतिहासिक 67.13त्न मतदान हुआ - जो 1951 के बाद से सबसे ज़्यादा है। उल्लेखनीय है कि महिला मतदाताओं की भागीदारी 71.78त्न रही, जो पुरुष मतदाताओं के 62.98त्न मतदान से कहीं ज़्यादा थी। फिलहाल पूरे राज्य में निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या बिहार में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रिकॉर्ड पांचवां कार्यकाल हासिल कर पाएंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार, राज्य के 38 जिलों में बनाए गए कुल 46 काउंटिंग सेंटरों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। छह और 11 नवंबर को दो चरणों में हुए चुनाव में 7.45 करोड़ मतदाताओं ने 2,616 उम्मीदवारों का भाग्य तय किया था। आयोग के बयान के मुताबिक, ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को मजबूत कमरों में दोहरे ताले की प्रणाली के तहत सुरक्षित रखा गया है । और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जा रही है। मतगणना केंद्रों पर दो-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है, जिसमें भीतरी घेरा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और बाहरी घेरा राज्य पुलिस के जिम्मे है। सभी मजबूत कमरे परिसरों में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं।

येदियुरप्पा को तगड़ा झटका

# हाईकोर्ट ने पोक्सो केस रद्द करने से किया इनकार

**बंगलूरू।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बी.एस. येदियुरप्पा के खिलाफ दर्ज पोक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस) केस को रद्द करने से इनकार कर दिया। अदालत ने ट्रायल कोर्ट के संज्ञान लेने और समन जारी करने के आदेश को सही ठहराया, जबकि व्यक्तिगत पेशी में राहत दी। न्यायमूर्ति एम.आई. अरुण की एकल पीठ ने कहा कि येदियुरप्पा की व्यक्तिगत उपस्थिति ट्रायल के दौरान आवश्यक होने पर ही मांगी जाए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर वे छूट की याचिका दायर करते हैं, तो उसे विचार योग्य माना



जाए। हालांकि, येदियुरप्पा को ट्रायल कोर्ट से डिस्चार्ज की मांग करने की स्वतंत्रता दी गई है। यह मामला फ्रवरी 2024 का है जब एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि येदियुरप्पा ने उसकी 17 वर्षीय बेटी से अपने बंगलूरू स्थित आवास पर कथित यौन शोषण किया।

C M Y K

# निकाय व पीडब्ल्यूडी के मध्य नियम कानून की रार नेताओं व अफसरों का तमाशबीन रवैया बना नासूर

## पाईपलाईन मरम्मत को लेकर निकाय व पीडब्ल्यूडी में तकरार



**डोंगरगांव नगर।** नगर में स्टेटहाइवे की सड़क के अंदर विस्तारित निकाय की पाईपलाईन का फूटना बदस्तूर जारी है। मुख्यमार्ग के भीतर सड़क चौड़ीकरण दरम्यान नेताओं व अफसरों की अनदेखी ना सिर्फ पीडब्ल्यूडी की सड़क के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है, अपितु निकाय के पेयजल सिस्टम के लिए भी सरदर्द बन गया है। तत्कालिक समाधान नही होने से ये समस्या अब विभागों के टकराव की बड़ी वजह बन गई है। नगर में सड़क चौड़ीकरण का कार्य समाप्ति की ओर है, लेकिन जैन समाज के कीर्ति स्तम्भ के सामने मेनरोड में सड़क के भीतर विस्तारित नगर के मुख्य पाईपलाईन के फूटने का क्रम थम नही रहा है। पहली दफा ठेकेदार की लापरवाही से ध्वस्त पाईपलाईन दर्जनों बार फुट चुकी है। सड़क चौड़ीकरण दौरान निकाय को पाईपलाईन के मरम्मत में ज्यादा कठिनाई नही आई, लिहाजा नेतागण व विभागीय अफसर मुख्यालय नगर की सर्वाधिक मूलभूत आवश्यकता पेयजल आपूर्ति के मसले पर दुम दबाए बैठ कर तमाशा देखते रह गए। निकाय के पाईपलाईन शिफ्ट नही किये जा सके। अब नेताओं ये खामोशी नगर पंचायत के लिए सबसे बड़ी सरदर्द बन गई है। वैसे इस समस्या के चलते बार बार सड़क खुदाई होने से पीडब्ल्यूडी भी हतोत्साहित हो होता जा रहा है।

### पीडब्ल्यूडी व निकाय आमने सामने

नगर में सड़क चौड़ीकरण दरम्यान से ही पाईपलाईन फूटने व निकाय की संपत्ति को क्षति पहुंचाने को लेकर निकाय द्वारा तेवर दिखाते हुए निकाय अधिनियम के साथ पीडब्ल्यूडी पर कदम उठाया जाता रहा है। गत माह ही डिवाईडर निर्माण हेतु बगैर अनुमति तालाब से ठेकेदार के निजी टैंकर में पानी उपयोग करने पर निकाय ने कानूनन सख्त रवैया अपनाया था। अब जब निकाय की पाईपलाईन फूटी तो मरम्मत से पुर्व सड़क खुदाई करने हेतु पीडब्ल्यूडी ने निकाय को आँख दिखा दी। पखवाड़ेभर के मशक्कत उपरांत निकाय को रिपेयरिंग की शर्त पर पीडब्ल्यूडी ने एनओसी दी है।

### ठेकेदार की लापरवाही बना नासूर

दरअसल मेनरोड सड़क के भीतर ध्वस्त पाईपलाईन तत्कालिक समय में शिफ्ट नही होने से बार-बार फुट रहे हैं, हालांकि सड़क के तकरीबन 5 फिट गहराई में पाईपलाईन है, लेकिन ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण दौरान अनियमित मटेरियल उपयोग व रोलिंग के अभाव से समयांतर के बाद प्रयुक्त मटेरियल सड़क भीतर ही ईधर उधर अंडोलेटिव होने से पाईपलाईन में दबाव पड़ रहा है। यानी ठेकेदार की लापरवाही नागरिकों व राहगीरों के लिए नासूर बन गया है।

पाईपलाईन मरम्मत हेतु सड़क खुदाई पुर्व रिपेयरिंग मटेरियल डंप करके ही कार्यारंभ करने इंजीनियर द्वारा दबाव बनाया जा रहा था।

**विनम्र जेमा, सीएमओ**

# डीपीएस महाराजपुर का दबदबा: विद्यार्थियों ने जीते 13 पदक, पांच ने झटके स्वर्ण



**कवर्धा।** जिले के दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा से जिले का मान बढ़ाया है। 9 नवम्बर 2025 को शासकीय पीजी कॉलेज डोंम, कबीरधाम में आयोजित ASMITA Pencak Silat League 2025-26 में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल तेरह पदक अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिनमें स्वर्ण पदक विजेताः एंजल तिवारी (कक्षा 9), अनुभी साहू (कक्षा 8), रिषिका चंद्रवंशी (कक्षा 8), दिव्यांशी वर्मा (कक्षा 8) और श्रीनीति बैस (कक्षा 4)। रजत पदक विजेताः विजय दुबे (कक्षा 4), भाविका साहू (कक्षा 4) और त्रियांजलि वैष्णव (कक्षा 9)। कांस्य पदक विजेताः दीक्षा चंद्रोल (कक्षा 5), संगम योगी (कक्षा 5), खुशिलता पटेल (कक्षा 4), अवनि कुम्भकार (कक्षा 4) और खुशबू साहू (कक्षा 9)। विद्यालय की प्राचार्या ग्रेसिया एन फीग्रेड ने प्रातःकालीन सभा में विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डीपीएस महाराजपुर के विद्यार्थी न केवल शिक्षा बल्कि खेलकूद में भी अपनी उत्कृष्टता का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय की कराटे प्रशिक्षिका शैली पाली को दिया, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह सफलता अर्जित की। यह प्रदर्शन डीपीएस महाराजपुर, कवर्धा के लिए गौरव का क्षण है, जिसने जिले का नाम राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

# यूनिटी मार्च आज बेमेतरा में-सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश

**बेमेतरा।** सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कल गुरुवार को समय सायं 4 बजे से जिला मुख्यालय स्थित जयस्तंभ चौक में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यह ÷यूनिटी मार्च÷ देशभर में चलाए जा रहे भारत पदयात्रा अभियान का एक हिस्सा है, जिसकी शुरुआत भारत सरकार द्वारा 6 अक्टूबर 2025 को की गई थी। इस राष्ट्रव्यापी पहल के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को प्रोत्साहित किया जा सके। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना बढ़ाना और देश की एकता एवं अखंडता के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियाँ भी कि जाएंगी। बेमेतरा में होने वाला यह ÷यूनिटी मार्च÷ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित रहेगा, जिनके आदर्श और राष्ट्र निर्माण के योगदान से प्रेरणा लेते हुए यह कार्यक्रम युवाओं को देश की एकता और विकास के लिए समर्पित रहने का संदेश देगा।

# विवाद में अर्थदण्ड का बदला लेने कर दी हत्या, ग्राम बैठक में अर्थदण्ड लगने से क्षुब्ध था आरोपी





### मारगांव में साहू समाज के अध्यक्ष की हत्या का पर्दाफाश

**डोंगरगांव नगर।** ब्लॉक के ग्राम मारगांव में सोमवार को कुआँ में शव मिलने के मामले का पर्दाफाश हो गया है। पुलिस विवेचना में मामला हत्या का साबित हुआ। गांव के ही आरोपी ने नवरात्रि दौरान धार्मिक भ्रांति फैलाने के आरोप में ग्राम बैठक में तनातनी के बाद अर्थदण्ड का बदला लेने अंगेश्वर साहू की हत्या कर शव कुएँ में डालकर पैरा से ढँक दिया था। साहू समाज द्वारा ज्ञापन के उपरांत पुलिस ने देर शाम हत्या मामले का पर्दाफाश किया। पुलिस के आधिकारिक जानकारी मुताबिक रविवार को सुबह 7 बजे से लापता अंगेश्वर साहू का शव कुआँ में पाया गया था। पुलिस ने एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन व एएसपी व एसडीओपी के मार्गदर्शन में टीआई कृष्णा पाटले ने घटना में धारा सदर का अपराध पाये जाने से अपराध क्रमांक 355/2025 धारा 103 (1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना दौरान साक्ष्यों व ग्रामीणों के बयान आधार पर विवेचना में लिया था। गांव के महेश सिन्हा नामक व्यक्ति से गहन पूछताछ की। आरोपी महेश सिन्हा ने अपराध कबूल करते हुए नवरात्रि दरम्यान लक्ष्मी पांव का भ्रांति फैलाने से पकड़े जाने पर विवाद व ग्राम बैठक में अर्थदण्ड लगने का जिम्मेदार अंगेश्वर को मानते हुए रंजिश रखता था। 9 नवंबर को मौका पाकर पुरानी रंजिश का बदला लेने खेत में अंगेश्वर साहू की धारदार हथियार से वार कर जघन्य हत्या कर दी थी। आरोपी ने अपराध को ढंकने के लिए ही पैरा को कुएं में डाल दिया था। पुलिस ने आरोपी महेश सिन्हा पिता बिलास सिन्हा, 48 वर्ष साकिन मारगांव को गिरफ्तार कर घटनाक्रम के आधार पर अपराध क्रमांक 355/25 धारा 103(1) बीएनएस के तहत ज्यूडिशियल रिमांड में भेज दिया है। उक्त विवेचना व कार्रवाई में एसआई लाभाराम ध्रुव, एएसआई देवकुमार रावटे, एएसआई अनिल यादव, आरक्षक बृजमोहन यादव, आरक्षक आशाराम ध्रुव व आरक्षक भगत सिदार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### साहू समाज ने सौंपा ज्ञापन

सूत्रों के मुताबिक मारगांव हत्याकांड का मृतक अंगेश्वर साहू ग्राम साहू समाज मारगांव का अध्यक्ष था। आरोपी को गिरफ्त में लेने के बाद कार्रवाई में देरी को देखते हुए तहसील साहू संघ डोंगरगांव ने मंगलवार दोपहर मारगांव जाकर मृतक परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त किया। उपरांत थाना पहुंचकर एसडीओपी को ज्ञापन सौंपते हुए दोषी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मदन साहू, तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू, खेलन सार्वा, रामप्रकाश साहू सहित दर्जनभर पदाधिकारी शामिल थे।

# भटकती अवस्था में मिली विक्षिप्त महिला को सखी में संरक्षण एवं उपचार



**बेमेतरा।** पेट्रोलिंग पुलिस बेमेतरा द्वारा 19 सितंबर को रात्रि 1:30 बजे एक भटकती हुई महिला को वीरे ढाबा के पास बेमेतरा से सखी में आपातकालीन आश्रय हेतु लाया गया। काउंसलिंग के दौरान आवेदिका से बात-चीत करने पर उसकी मानसिक स्थिति ठीक नही होने का पता चला। आश्रय के दौरान आवेदिका का प्राथमिक उपचार जिला अस्पताल बेमेतरा में कराया गया जहां पर जांच उपरांत डाक्टर के द्वारा आवेदिका का मानसिक स्थिति ठीक नही होना बताया गया एवं उचित उपचार हेतु सेंदरी रेफर किया गया। तत् पश्चात् आपातकालीन स्थिति होने के कारण सिटि कोतवाली बेमेतरा से सहायता लेकर सखी वन स्टॉप सेंटर बेमेतरा से केस वर्कर सरिता शर्मा सुरक्षा गार्ड योगेश्वरी राऊत एवं महिला आरक्षक रामबती नेताम के द्वारा 21 सितंबर को आवेदिका को मानसिक उपचार हेतु जिला मानसिक रोगी चिकित्सालय सेंदरी बिलासपुर सुरक्षित छोड़ा गया। 07 नवंबर को दूरभाष के माध्यम सूचना के आधार पर रेस्क्यू कर सखी लाया गया। काउंसलिंग के दौरान आवेदिका से बात-चीत करने पर उसकी मानसिक स्थिति ठीक नही होने का पता चला। आवेदिका का प्राथमिक उपचार जिला अस्पताल बेमेतरा में कराया गया जहां पर जांच उपरांत डाक्टर के द्वारा आवेदिका का मानसिक स्थिति ठीक नही होना बताया गया एवं उचित उपचार हेतु सेंदरी रेफर किया गया। तत् पश्चात आवेदिका को पैरालीगल वकील रामेश्वरी साहू के द्वारा विधिक सहायता के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा के समक्ष प्रस्तुत कर रेफरल आदेश प्राप्ति के पश्चात महिला को उचित ईलाज हेतु सेंदरी मनोरोगी चिकित्सालय बिलासपुर सखी वन स्टॉप सेंटर बेमेतरा से केस वर्कर सीमा यदु, सुरक्षा गार्ड एकता कुर्रे द्वारा सुरक्षित छोड़ा गया।

# नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर के सफल आयोजन हेतु न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक



**बेमेतरा।** बेमेतरा में सरोज नंद दास, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के अध्यक्षता में आगामी नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर, के सफल आयोजन हेतु अधिक से अधिक संख्या में राजस्व प्रकरण के निराकरण के संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू बेमेतरा, मोहित सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अनिता कोशिमा रावटे, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की उपस्थिति में बैठक लिया गया। अध्यक्ष द्वारा पुलिस विभाग को न्यायालय से पक्षकारों को प्री-सीटिंग हेतु जारी किये जा रहे नोटिस की तामिली पर विशेष ध्यान दिये जाने एवं राजस्व न्यायालयों मे लंबित राजीनामा योग्य अधिक से अधिक मामले निराकृत किए जाने का निर्देश प्रदान किया गया। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, चैंक बाउन्स, के मामले, मोटरयान अधिनियम सं संबंधित प्रकरण, मोटर दुध्टिना दावा प्रकरण, निष्पादन, बीमा, भरण-पोषण के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, सिविल वाद, विद्युत, जलकर व सम्पत्ति कर, टेलीफोन, बैंक रिकवरी प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है। अध्यक्ष द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स लगा कर किये जाने के संबंध में भी चर्चा किया गया। पक्षकारों से आपसी सुलह एवं समझौते से प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने का प्रयास किये जाने के संबंध में चर्चा किया गया।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए आजीविका प्रशिक्षण शुरू



**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज बेमेतरा में आदिवासी विकास शाखा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत आने वाले 28 ग्रामों की स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए आजीविका एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उददेश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना तथा उन्हें आधुनिक उत्पादन तकनीकों से परिचित कराना है। प्रशिक्षण के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स द्वारा महिलाओं को आचार, पापड़, नमकीन, फिनायल, साबुन, धूपबत्ती आदि उत्पादों के निर्माण की विस्तृत जानकारी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं में अत्यंत उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएँ प्रशिक्षण में भाग ले रही हैं तथा अपने समूहों के माध्यम से भविष्य में लघु उद्योग स्थापित करने की दिशा में रुचि प्रकट कर रही हैं। इससे महिलाओं को आजीविका संवर्धन के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त पहल मिलेगी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से ग्रामीण महिलाओं में उद्यमशीलता की भावना विकसित होगी तथा वे परिवार और समाज की आर्थिक उन्नति में भागीदार बनेंगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि हर ग्राम की महिला स्वयं अपने पैरों पर खड़ी हो और स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए आर्थिक रूप से सक्षम बने। इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास विभाग तथा जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लाइवलीहुड कॉलेज के प्रशिक्षकों द्वारा किया गया तथा प्रशिक्षार्थियों को उत्पादन के विपणन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन रणनीतियों की जानकारी भी प्रदान की गई। इसके साथ ही, महिलाओं को स्व-सहायता समूह के माध्यम से बैंकिंग, ऋण सुविधा, शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि से जोड़ने की जानकारी भी दी जा रही है ताकि वे भविष्य में अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकें। प्रशिक्षण के समापन पर सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं ने बताया कि यह कार्यक्रम उनके लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। उन्हें पहली बार इतने व्यवस्थित तरीके से उत्पाद निर्माण और विपणन की जानकारी मिल रही है। प्रतिभागी महिलाओं ने कहा कि अब वे अपने गांवों में आचार, पापड़, साबुन और धूपबत्ती निर्माण का कार्य प्रारंभ कर अपने परिवार की आय बढ़ाने का प्रयास करेंगी।

# आंध्र समिति समाज द्वारा आंध्र स्थापना दिवस का आयोजन







**दल्लीराजहरा।** आंध्र समिति समाज द्वारा आंध्र स्थापना दिवस एवं वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी देवलाल ठाकुर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष दल्ली राजहरा तोरल लाल साहू , नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे और आशुतोष माथुर समाजसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम ब्रह्मैया आंध्र समिति (तेलुगू समाजम) के अध्यक्ष द्वारा की गई। अतिथियों द्वारा आंध्र प्रदेश के फाउंडर ऋक्रांतिकारी पूज्यनीय पोत्ती श्रीरामलु एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया द्य इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत तथा सम्मान पुष्प गुच्छ , स्मृति चिन्ह देकर समिति के सदस्यों द्वारा किया गया । इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम महिलाओं और बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा, समाज के होनहार बच्चों एवं सदस्यों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्मृति चिह्न देकर शैक्षणिक प्रतिभा सम्मान और खेल प्रतिभा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त हुए लोगों को भी स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।आंध्र समिति समाज के अध्यक्ष एम ब्रह्मैया ने कहा कि यह आयोजन समाज के लोगों को एक साथ लाने और उनकी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए। मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर ने अपने उद्बोधन में स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि समाज के हित में यथा संभव मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे । तोरण लाल साहू एवं मनोज दुबे ने भी शुभकामनाएं देते हुआ कहा की ऐसे आयोजन से आपसी प्रेम और सौहार्द में वृद्धि होगी साथ ही सामाजिक भवन के जीर्णोधार के लिए राशि जल्द से जल्द स्वीकृत करवाने का आश्वासन दिया । नगर के वरिष्ठ समाजसेवी आशुतोष माथुर ने समाज के पदाधिकारियों एवम सक्रिय सदस्यों को सफल आयोजन कि बधाई देते हुए कहा की इतने सारे लोगों के एक साथ जोड़कर इतना भव्य आयोजन करना बहुत ही सराहनीय कार्य है ।

# पशु चिकित्सक की लापरवाही से किसान की गाय की मौत

## मडमडा गौशाला में समय पर इलाज न मिलने से भड़का आक्रोश, एसडीएम से की कार्रवाई की मांग







**कवर्धा।** जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम मडमडा से एक गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्रामीण बिजलाल जायसवाल ने एसडीएम बोड़ला को लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि पशु चिकित्सालय मडमडा में पशु चिकित्सक की अनुपस्थिति और असंवेदनशील व्यवहार के कारण उनकी दुधारू गाय की मौत हो गई। शिकायत पत्र के अनुसार, बिजलाल जायसवाल ने करीब 35,000 की कीमत से गाय खरीदी थी, जिसने बच्चे को जन्म देने के बाद गंभीर स्थिति में आ गई। परिजनों ने तत्काल पशु चिकित्सक को फोन कर सहायता मांगी, परंतु घंटों इंतजार के बाद भी कोई नहीं पहुंचा। आखिरकार गाय ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। ग्रामीण ने लिखा है कि यदि चिकित्सक समय पर पहुंचते, तो गाय की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है कि पशु चिकित्सक की लापरवाही और ड्यूटी में उदासीनता के कारण यह दुखद घटना हुई है।

### बिजलाल जायसवाल ने एसडीएम से तीन प्रमुख मांगें रखी

पशु चिकित्सक की लापरवाही और असंवेदनशील व्यवहार की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। पशुधन हानि राहत योजना के तहत उचित मुआवज़ा राशि दी जाए। ग्राम मडमडा पशु चिकित्सालय में स्थायी एवं नियमित पशु चिकित्सक की नियुक्ति की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

यह मामला ग्रामीण अंचलों में पशु चिकित्सा सेवाओं की बदहाल स्थिति को उजागर करता है, जहां सरकारी दावे तो बहुत हैं लेकिन ज़मीन पर हकीकत दर्दनाक है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यह घटना सिर्फ एक गाय की मौत नहीं, बल्कि सिस्टम की संवेदनहीनता का प्रतीक बन चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर।** न्य चंगोराभाठा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 50 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिल जानकारी के अनुसार प्रार्थिया किरण मडामे 39 वर्ष न्यू चंगोराभाठा का रहने वाला है। प्रार्थियां ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 50 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में मेहतानगर भाठापारा निवासी सुनील सोनवानी 30 वर्ष ने उरला थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 22 एडी 9061 को गुप्ता होटल बीरगांव के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम सारखी अभनपुर निवासी मनोज कुमार साहू 34 वर्ष ने अभनपुर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमवाय 9134 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 17 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलो में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दिल्ली धमाके के बाद एयरपोर्ट और भीड़भाड़ वाले इलाकों में बढ़ाई गई सुरक्षा

**रायपुर।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार देर रात हुए भीषण विस्फोट के बाद राजधानी रायपुर में पुलिस प्रशासन सतर्क मोड पर आ गया है। मंगलवार सुबह स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान डॉग स्क्वॉड की टीम ने पूरे एयरपोर्ट परिसर की गहन तलाशी ली। संवेदनशील स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं, सुरक्षा एजेंसियों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और शहर के अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी सख्त निगरानी शुरू कर दी है। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को चौकसी बढ़ाने और 24 घंटे गश्त (पेट्रोलिंग) जारी रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड को हर समय तैयार रहने को कहा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। पुलिस का कहना है कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### रिटायर्ड असिस्टेंट फूड अधिकारी संजय दुबे पर दुष्कर्म का आरोप

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में खाद्य विभाग में पदस्थ रहे रिटायर्ड असिस्टेंट फूड ऑफिसर संजय दुबे के खिलाफ एक महिला ने रेप और जान से मारने की धमकी देने का मामला आरंग थाना में दर्ज करवाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संजय दुबे ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और मामले को उजागर करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की पतासाजी शुरू कर दी है। फिलहाल संजय दूबे फरार बताया जा रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। बता दें कि खाद्य अधिकारी रहे संजय दुबे कई बार विवादों में घिरे रहे हैं। वे पूर्व में भी दो अलग-अलग मामलों में जेल जा चुके हैं। पहला मामला रिश्वतखोरी से जुड़ा था, जब उन्हें खाद्य विभाग में पदस्थ रहते रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

### भ्रष्टाचार कांग्रेस की परंपरा बन चुका है-भाजपा प्रवक्ता ठाकुर

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान पर निशाना साधते हुए कहा कि अब कांग्रेस में भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन चुका है। उन्होंने तंज कसा कि कांग्रेस नेतृत्व द्वारा संगठन को दुरुस्त करने की कोशिश शुरू होते ही लेन-देन और सौदेबाजी के आरोपों ने इस अभियान की पोल खोल दी है। ठाकुर ने कहा कि पांच साल की सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस अब संगठन स्तर पर भी उसी राह पर चल पड़ी है। सत्ता में रहते हुए जहां उसने पीएससी घोटाला किया, वहीं अब संगठन में पीसीसी घोटाला को अंजाम दिया जा रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि संगठन में पदों की नियुक्तियों के लिए पांच से दस लाख रुपए तक की मांग के आरोप अब कांग्रेस के अपने कार्यकर्ता ही सार्वजनिक कर रहे हैं।

---

राज्यपाल कलिंगा विश्वविद्यालय के पंचम् दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

# अनुशासित और समय के पाबंद होंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी-राज्यपाल डेका

■ जीवन में यह पूर्णविराम नहीं है, अपनी यात्रा सभी को पूरी करनी है, गिरकर हार नही मानें, उठे और आगे बढ़े

रायपुर/ संवाददाता



राज्यपाल श्री रमेन डेका कलिंगा विश्वविद्यालय के पंचम् दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। राज्यपाल ने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अनुशासित और समय के पाबंद होगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। जीवन में यह पूर्णविराम नहीं है, अपनी यात्रा सभी को पूरी करनी है, गिरकर हार नही मानें, उठे और आगे बढ़े। राज्यपाल श्री डेका आज नवा रायपुर स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय के पंचम् दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर, वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 के विद्यार्थियों को उपाधि एवं पदक वितरित किए। इस अवसर पर 150 शोधार्थियों को पीएच.डी उपाधि, 1500 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर उपाधि एवं 2500 विद्यार्थियों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गई। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधा भी लगाया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन की दूसरी पारी शुरू हो रही है। आगे का दिन उनका संघर्ष का होगा, अनेक बाधाएं आएंगी। बीते दिनों से सीख लेकर योजना के साथ अपना भविष्य तय करें। किसी भी क्षेत्र में काम करें, आनंद पूर्वक जीवन गुजारें। भौतिक उपलब्धि के साथ-साथ मानसिक शांति भी होनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों की बहुत बड़ी भूमिका है। इसके लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच सतत् चर्चा होनी चाहिए। एन.ई.पी.के बारे में विद्यार्थियों को संपूर्ण जानकारी हो। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि शिक्षक और गुरू में अंतर होता है। गुरू शब्द का अर्थ विस्तृत है। आप गुरू बनिए शिक्षक नहीं, अपने अनुभव और ज्ञान से युवाओं का मार्गदर्शन करें। श्री डेका ने कहा कि विश्वविद्यालय में सकारात्मक वातावरण रखें। नवाचार पर बहुत कार्य हो रहे हैं। सरकार भी इसके लिए मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि मानव, पशु और प्रकृति के बीच में संतुलन रखना बहुत आवश्यक है। तभी हमारा अस्तित्व कायम रहेगा। हमें सतत् विकास के लिए सोचना है और एक पेड़ मां के नाम लगाना है। श्री डेका ने विद्यार्थियों से कहा कि आप देश के भविष्य हैं, आप के योगदान से भारत 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनेगा। राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की सबसे बड़ी भागीदारी होती है। विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता को बढ़ाएं और नवाचार के लिए इसका उपयोग करें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए नीतिगत निर्णय लिए गए हैं परिणामस्वरूप उन्हें नए अवसर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर राज्य निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर वी.के.गोयल, कलिंगा विश्वविद्यालय के अध्यक्ष श्री राजीव कुमार, कुलाधिपति श्री संदीप अरोरा, कुलपति श्री आर. श्रीधर, उपकुलाधिपति श्री सज्जन सिंह, कुलसचिव तथा कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रबंध मण्डल के सदस्य, विभागाध्यक्ष, अध्यापकगण, विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

# अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

रायपुर/ संवाददाता

सचिव सह आबकारी आयुक्त एवं प्रबंध संचालक आर. शंगीता, कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश तथा प्रभारी उपायुक्त आबकारी राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में रायपुर जिले में अवैध मदिरा के उत्पादन, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी विभाग द्वारा आज दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पहली कार्रवाई के दौरान ग्राम दौंदेकला थाना विधानसभा क्षेत्र में मुखबिर सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। आरोपी भूपेन्द्र टण्डन के रिहायशी मकान से 152 नग विदेशी मदिरा (गोवा व्हिस्की), 132 नग देशी मदिरा मसाला, कुल 284 नग (51.12 बल्क लीटर) अवैध मदिरा जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। प्रकरण का विवेचन आबकारी उप निरीक्षक प्रकाश कुमार देशमुख द्वारा किया जा रहा है। दूसरी कार्रवाई में ग्राम खुरमुड़ी थाना सिलयारी क्षेत्र में करण चर्तुवेदी को अवैध रूप से मदिरा विक्रय करते हुए पकड़ा गया। उसके कब्जे से 15 नग देशी मदिरा मसाला (कुल 2.70 बल्क लीटर) जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1)(ख) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इन कार्रवाइयों में सहायक जिला आबकारी अधिकारी टेक बहादुर कुर्रे, मेधा मिश्रा चौबे, प्रीति कुशवाहा, सिल्विया सुमन, तथा आबकारी मुख्य आरक्षक दिगाम्बर बुरा का विशेष योगदान रहा। आबकारी विभाग ने बताया कि अवैध शराब विक्रय एवं तस्करी पर नियंत्रण हेतु अभियान निरंतर जारी रहेगा। आमजन से अपील है कि अवैध शराब संबंधी किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए आबकारी नियंत्रण कक्ष रायपुर के दूरभाष 0771-2428201 पर संपर्क करें।

# जनजातीय गौरव के लिए हम सबक को मिलकर काम करना होगा-मंत्री

रायपुर। संवाददाता

आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम आज नवा रायपुर अटल नगर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में जनजातीय समाज का गौरवशाली ऐतिहासिक, सामाजिक एवं अध्यात्मिक योगदान'' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में शामिल हुए। आदिम जाति विकास मंत्री श्री नेताम ने शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत काफी समृद्ध है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इस वर्ष बिरसा मुण्डा जी के 150वीं वर्ष पूर्ण होने पर 15 से 20 नवंबर तक जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर से 15 नवंबर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा चल रहा है। 15 नवंबर को सभी जिलों सहित आश्रम-छात्रावासों में वृहद रूप से जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जनजातीय नृत्य, गीत-संगीत, लोक कला, वाद-विवाद, भाषण, पेंटिंग सहित विविध आयामों पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 20 नवंबर को छत्तीसगढ़ की धरती अंबिकापुर में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का आगमन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के कर-कमलों से विजेताओं, कलाकारों और छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती अंबिकापुर में जनजातीय समाज के ही सर्वोच्च पद पर स्थापित राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आ रही है। यह हम सब के लिए गौरव की बात है।

## आयुर्वेद की पहुंच आयुष मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से घर-घर तक



हाईअलर्ट जारी किया गया राज्य में

# छत्तीसगढ़ में दिल्ली धमाके के बाद एतियात बरता जा रहा है-गृहमंत्री

■ रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, संदिग्ध स्थानों में की जा रही तगड़ी जांच

रायपुर/ संवाददाता



देश की राजधानी दिल्ली में लालकिले के पास हुए ब्लास्ट के बाद आज छत्तीसगढ़ में भी हाईअलर्ट जारी कर दिया गया है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि पुलिस प्रशासन इसके लिए इतियात बरत रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आतंकवादी गुट द्वारा किए गए धमाके पश्चात गृहमंत्रालय द्वारा पूरे भारत देश में हाईअलर्ट जारी कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि यहां पर पूरे प्रदेश में एतियात के तौर पर सभी संदिग्ध स्थलों की जांच की जा रही है। वीवीआईपी मूवमेंट की सुरक्षा छग पुलिस को सौंप दी गई है। स्टेट हैंगर और एयरपोर्ट में 100 प्रतिशत प्रशिक्षित जवानों को तैनात किया गया है, यहां पर सुरक्षा दस्ते एवं हथियार बंद गनमैन की तैनाती की गई है। सीआईएसएफ के जवानों को भी लगाया गया है, सामान्य यात्रियों की भी जांच की जाएगी। रेलवे स्टेशन में भी डॉग क्रायड तैनात कर दिया गया है। यहां पर आने जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। विशेषकर सामान्य डब्बों पर नजर रखी जा रही है। बस स्टैण्ड पर भी नजर रखी जा रही है ताकि लोगों पर नजर रखा जा सके। होटलों तथा रिसार्ट में भी विशेष जांच अभियान चल रहा है। गृहमंत्री ने आज इस संबंध में आज कुछ अधिकारियों से चर्चा की है।

### अमित बघेल की संभावित अग्रिम जमानत याचिका के पहले हाईकोर्ट में कैविएट दायर

**रायपुर।** फरार चल रहे छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल की संभावित अग्रिम जमानत याचिका से पहले बिलासपुर निवासी अजय सिदारा द्वारा हाईकोर्ट में कैविएट दायर किया गया है। कैविएट में अदालत से आग्रह किया गया है कि यदि अमित बघेल जमानत के लिए आवेदन करते हैं, तो कोई अंतरिम राहत देने से पहले कैविएटर का पक्ष भी सुना जाए। बता दें कि छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल के द्वारा सिंधी समाज तथा अग्रसेन महाराज पर आपत्तिजनत टिप्पणी की गई थी। जिसे लेकर प्रदेश के अनेक शहरों के साथ ही मध्यप्रदेश,महराष्ट्र,यूपी में अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं एफआईआर दर्ज किये जाने के बाद से अमित बघेल लगातार फरार चल रहे है। वहीं यह संभावन जताई जा रही है कि अमित बघेल अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका दायर कर सकते है। जिसे लेकर बिलासपुर निवासी अजय सिदार ने हाईकोर्ट में कैविएट दायर किया है।

# बैंक मैनेजर व किसान से लाखों की ठगी.......

रायपुर/ संवाददाता

ऑपरेशन साइबर शील्ड अंतर्गत पुलिस ने ऑनलाईन ठगी करने वाले दो आरोपियों को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। दोनों आरापियों पर लाखों रूपये ठगने का आरोप है। बता दें कि आईजी अमरेश मिश्रा द्वारा रेंज साइबर थाना रायपुर को सभी प्रकार के साइबर अपराधों मे शामिल मुख्य आरोपियों के विरुद्ध तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिया गया है। इसी कड़ी में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में प्रार्थी आशुतोष कुमार मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक शाखा रामसागरपारा रायपुर को बड़ी राशि फि क्स डिपाजिट कराने के बहाने झांसा में लेकर उनसे 17.82 लाख रुपए की धोखाधड़ी होने पर थाना आजाद चौक में सूचना दिया था। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 231/25 धारा 318(4) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना क्रम में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार ऑपरेशन साइबर शील्ड अंतर्गत कार्यवाही करते हुए तकनीक विश्लेषण कर मुख्य आरोपी की पहचान की गई। आरोपी सरफराज अंसारी निवासी उत्तरप्रदेश घटना कारीत करने के बाद अपना स्थान बदल कर पुणे महाराष्ट्र में छिप गया था। पुणे महाराष्ट्र में रेड कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से प्रकरण से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। प्रकरण में ठगी की संपूर्ण राशि को होल्ड कर पीड़ित को वापस कराया गया है।

वन मंत्री ने किया कोंडागांव वनमंडल के नवीन कार्यालय भवन का भूमिपूजन

# भाजपा सरकार अंचलों की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा

रायपुर/ संवाददाता

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज कोंडागांव वनमंडल कार्यालय के नवीन भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने की। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री केदार कश्यप ने कार्यालय भवन की आधारशिला रखी और सुदूर ग्राम हिरामांदला से आए वन प्रबंधन समिति के सदस्यों को आस्था मूलक योजना के तहत मिनी राइस मिल (धन कुट्टी मशीन) भेंट की। उन्होंने ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए मशीन का सावधानीपूर्वक उपयोग कर सामूहिक रूप से आय बढ़ाने का आग्रह किया। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि नया कार्यालय भवन बनने से विभागीय कार्यों में सुविधा होगी और कर्मचारियों का मनोबल भी बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि वन विभाग ग्रामीण अंचलों की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है। विभाग द्वारा ईको-टूरिज्म, जैव विविधता संरक्षण और रोजगार सृजन के लिए अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं। कोंडागांव वनमंडल द्वारा मर्दापाल में देवगुड़ी दरबार और पुसपाल के वैली व्यू पॉइंट व भंवरडीह नदी में रिवर-राफ्टिंग जैसी गतिविधियों के विकास के लिए 7.62 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि स्वीकृति मिलते ही यह कार्य शुरू होंगे, जिससे स्थानीय लोगों को आय के नए अवसर मिलेंगे। मंत्री श्री कश्यप ग्रामीणों से अवैध कटाई और अतिक्रमण रोकने में सहयोग की अपील की और अधिकारियों को ऐसे मामलों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। वनमंडलाधिकारी ने बताया कि पिछले दो वर्षों



में संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से ग्रामीणों को आयमूलक कार्यों से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत 892 हितग्राहियों की 1237 एकड़ भूमि में 11 लाख 88 हजार से अधिक पौधे लगाए गए हैं, जिससे भविष्य में उन्हें निश्चित आमदनी होगी। वनमंडल क्षेत्र में 5 वनधन केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ कोदो, कुटकी, रागी जैसी लघु वनोपजों का प्रसंस्करण कर स्व-सहायता समूहों को सतत लाभ मिल रहा है। पिछले दो वर्षों में 714 क्विंटल मिलेट्स का प्रसंस्करण किया गया है। वनमंडल में 50 हेक्टेयर तिखुर की खेती की गई है और इसे 5000 हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वर्ष 500 हेक्टेयर वनौषधि रोपण भी किया गया था। इसी तरह तेन्दूपत्ता संग्राहकों को भी विभाग की योजनाओं से लाभ मिला है। 29 हजार 565 संग्राहकों को 7.04 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक डीबीटी के माध्यम से दिया गया है। साथ ही, राजमोहिनी देवी बीमा योजना के तहत 6 मामलों में 7.33 लाख रुपये तथा छात्रवृत्ति योजना के तहत 81 विद्यार्थियों को 9.62 लाख रुपये की सहायता दी गई है। पिछले दो वर्षों में विभागीय कार्यों में लगे श्रमिकों को औसतन 2000 श्रमिक प्रति माह को रोजगार मिला है, जिससे 32.50 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि संसाधनों की उपलब्धता से कार्यों में तेजी आएगी और नया कार्यालय भवन कोंडागांव वनमंडल के लिए एक नई शुरुआत साबित होगा।

## संपादकीय

# 'महिलाओं पर केंद्रित' चुनाव

बिहार में कल द्वितीय चरण का मतदान है। विधानसभा की कुल 243 में से 121 सीटों पर जनता अपना जनादेश दे चुकी। अगले चरण के मतदान के दौरान 11 नवंबर को 122 सीटों पर चुनाव है और 14 नवंबर को जनादेश अंतिम रूप से सार्वजनिक कर दिया जाएगा। चुनाव में अभी तक जो गौरतलब रहा है, वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शख्सियत है। बीते 20 सालों से वह बिहार के मुख्यमंत्री हैं। विपक्षी उनकी उम्र, स्वास्थ्य, मन स्थिति और सेवानिवृत्ति की बातें तो करते रहे हैं, लेकिन उससे कोई 'सत्ता-विरोधी लहर' नहीं बन पाई है। नतीजतन भाजपा के बड़े नेताओं ने भी बयान दिए हैं कि नीतीश ही चुनाव के बाद मुख्यमंत्री होंगे। अभी तक जो सर्वेक्षण सार्वजनिक हुए हैं, उनमें नीतीश कुमार 46 फीसदी से अधिक लोगों के पसंदीदा मुख्यमंत्री हैं, जबकि सितंबर में यह पसंद 15-16 फीसदी तक ही सिमटी थी। तब मुख्यमंत्री की दौड़ में तेजस्वी यादव सबसे आगे थे, लेकिन अब दूसरे स्थान पर आ गए हैं। आश्चर्यजनक रुझान यह देखा गया है कि महिलाएं जाति, धर्म, नस्ल, अगड़ी-पिछड़ी कोई भी हों, लेकिन नीतीश के कारण 45 फीसदी महिलाएं भाजपा-एनडीए को समर्थन देती दिख रही हैं। जो महिलाएं 18-30 साल उम्र की हैं, उनमें यह समर्थन 48 फीसदी से अधिक दिखा है। नतीजतन सभी सर्वेक्षणों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है और बेहतर बहुमत के साथ उनकी सरकार बनती दिख रही है। बेशक महिला-शक्ति निर्णायक लग रही है, हालांकि जाति का मुद्दा अब भी प्रबल है। पलायन और रोजगार भी संवेदनशील मुद्दे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी समेत बड़े नेताओं के प्रचार लालू यादव के 'जंगलराज' पर ही केंद्रित हैं। भाजपा-एनडीए बार-बार उसे याद दिला रहा है। प्रधानमंत्री ने तो बार-बार छर्रा, कट्टे और दुनाली का जिक्र अपने संबोधनों में किया है। सिर्फ 10,000 रुपए महिलाओं के खातों में डालने का ही करिश्मा नहीं है। बल्कि नीतीश ने 20 साल की सत्ता के दौरान पंचायत, शिक्षा, नौकरी आदि में महिलाओं के आरक्षण और लगातार शराबबंदी से महिलाओं का एक ठोस, भरोसेमंद जनाधार तैयार किया है। बिहार में पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक वोट करती हैं, क्योंकि पुरुष बाहर काम करते हैं और मतदान के दिन नहीं लौट पाते। इसका फायदा भी नीतीश पक्ष को मिलता रहा है। इस बार के चुनाव में खासकर महिलाओं पर खूब धन-वर्षा हुई है।

**विज्ञान लोगों को आध्यात्मिक पथ पर चलने में सहयोग देने की सम्भावना व्यक्त कर रहा है और ध्यान की विधियाँ मानव मन को सुव्यवस्थित ढंग से समझ कर सृष्टि के प्रति गहरी अन्तर्दृष्टि प्राप्त करने में विज्ञान की सहायक बन रही हैं - योग गुरु महेश अग्रवाल अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक वर्ष 10 नवम्बर को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य विज्ञान की भूमिका को मानव जीवन, समाज, पर्यावरण और सतत विकास के संदर्भ में रेखांकित करना है। विज्ञान केवल तकनीकी आविष्कारों का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता की उन्नति का सेतु है - वह चेतना को परिष्कृत करने और जीवन को संतुलित दिशा देने की क्षमता रखता है। आज का युग विज्ञान का युग है, परंतु अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि विज्ञान का वास्तविक लक्ष्य केवल भौतिक प्रगति नहीं, बल्कि मानव की समग्र चेतना का विकास है। इसी बिंदु पर विज्ञान का संगम अध्यात्म, योग और धर्म से होता है।**

# विज्ञान तब पूर्ण होता है जब उसमें जीवन, प्रकृति और चेतना की एकता का बोध हो - यही योग और विज्ञान का संगम है

**विज्ञान और अध्यात्म - विरोध नहीं, पूरक संबंध विज्ञान और धर्म को सदियों तक विरोधी ध्रुव माना गया। एक भौतिक सृष्टि की खोज में लगा था, तो दूसरा आत्मा की। किंतु जैसे-जैसे अनुसंधान गहराते गए, यह सत्य प्रकट होने लगा कि दोनों एक ही वास्तविकता को दो अलग दृष्टियों से देखने का प्रयास कर रहे हैं। विज्ञान जहाँ पदार्थ का विश्लेषण करता है, वहीं अध्यात्म चेतना का अनुभव कराता है।**



महेश अग्रवाल

दोनों का लक्ष्य है - सत्य की खोज। आज विज्ञान भी यह मानने लगा है कि चेतना मात्र मस्तिष्क की विद्युत-रासायनिक क्रिया नहीं, बल्कि एक सार्वभौमिक सत्ता है। यही योग और अध्यात्म की मूल परिकल्पना रही है। ध्यान और मस्तिष्क विज्ञान - आधुनिक अनुसंधान विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में ध्यान पर व्यापक अध्ययन हो रहे हैं। वैज्ञानिक यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि ध्यान का मस्तिष्क, तंत्रिका तंत्र, हार्मोन स्राव, और मानसिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है।हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की रिपोर्ट के अनुसार, नियमित ध्यान से एमिग्डाला की सक्रियता घटती है - यह वही भाग है जो भय और क्रोध जैसी प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करता है। एमआईटी और स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालयों के शोध बताते हैं कि ध्यान से ग्रे मैटर की मोटाई बढ़ती है, जो एकाग्रता और निर्णय क्षमता को सशक्त करती है। भारतीय विज्ञान संस्थान , बेंगलुरु ने भी पाया है कि प्राणायाम और ध्यान से तनाव हार्मोन कॉर्टिसोल में उल्लेखनीय कमी आती है। इन परिणामों से यह स्पष्ट है कि योग और ध्यान विज्ञान की दृष्टि से भी पूर्णतः प्रमाणित हैं। अब विज्ञान उसी दिशा में पहुँच रहा है जहाँ हमारे ऋषि, मुनि और योगाचार्य सहस्त्रों वर्ष पहले पहुँच चुके थे।

योग - विज्ञान और जीवन की समन्वित पद्धति योग केवल व्यायाम या साधना नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की वैज्ञानिक कला है। महर्षि पतंजलि ने अष्टांग योग के माध्यम से योग को एक व्यवस्थित वैज्ञानिक अनुशासन बनाया - जिसमें शरीर, मन, भावनाएँ और आत्मा, चारों के समन्वय से मनुष्य पूर्णता की ओर अग्रसर होता है। योग के दो पक्ष - बहिरंग और अंतरंग। बहिरंग योग - यम, नियम, आसन, प्राणायाम। अंतरंग योग - प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि।

प्राणायाम का वैज्ञानिक विश्लेषण प्राणायाम, श्वास की गति, गहराई और लय को नियंत्रित कर शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाता है। इससे - रक्त में ऑक्सीजन संतुलन सुधरता है। तंत्रिका तंत्र शांत होता है। हृदयगति और रक्तचाप नियंत्रित रहते हैं। मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ती है। आधुनिक विज्ञान इसे श्वास नियमन चिकित्सा कहता है और




अब इसे तनाव प्रबंधन के एक अत्यधिक प्रभावी उपकरण के रूप में मान्यता दे चुका है।

आसन और न्यूरोफिजियोलॉजी योग आसन शरीर की मांसपेशियों, ग्रंथियों और मेरुदण्ड को सक्रिय करते हैं। मेरुदण्ड को अब केंद्रीय ऊर्जा चैनल के रूप में समझा जा रहा है - जहाँ से शरीर के समस्त ऊर्जा संकेत नियंत्रित होते हैं। भुजंगासन, धनुरासन जैसे आसन मेरुदण्ड की लचक बढ़ाते हैं। शीर्षासन और सर्वांगासन मस्तिष्क तक रक्त प्रवाह को संतुलित करते हैं। कपालभाति और त्राटक जैसी क्रियाएँ तंत्रिका-तंत्र और दृष्टि शक्ति को सक्रिय करती हैं। इसीलिए कहा गया है - शरीर योग का मंदिर है, मन उसका दीपक।मनोविज्ञान और योग - आत्म-कार्यान्वयन की दिशा आधुनिक मनोविज्ञान आत्म- साक्षात्कार की बात करता है - अर्थात् व्यक्ति की सुप्त क्षमताओं को जाग्रत करना। योग भी यही कहता है, पर इसे वह आत्म-साक्षात्कार का नाम देता है। योग का लक्ष्य है - मनुष्य को उसकी संपूर्ण संभावनाओं के शिखर तक पहुँचाना। ध्यान, धारणा, प्रत्याहार जैसी विधियाँ मनुष्य को अपने भीतर उतरने का अवसर देती हैं। मनोविज्ञान आज यह मानने लगा है कि ध्यान मानसिक संतुलन, आत्म-जागरूकता और भावनात्मक शुद्धि का श्रेष्ठ माध्यम है। विज्ञान और धर्म का मिलन - आत्मा की खोज में प्रयोग पहले विज्ञान प्रयोगशाला में प्रयोग करता था, अब वह आत्मा की प्रयोगशाला में भी उतरने लगा है। ध्यान, योग और चेतना पर हो रहे प्रयोग दिखा रहे हैं कि व्यक्तिपरक अनुभव को भी अब वैज्ञानिक ढंग से परखा जा सकता है। आज के वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ ईईजी, एमआरआई और जैव रासायनिक मार्कर के माध्यम से ध्यान और प्रार्थना के प्रभावों को माप रही हैं। परिणाम बताते हैं कि - ध्यान करने वाले लोगों में मस्तिष्क तरंगें अधिक स्थिर होती हैं, प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है, और जीवन में संतोष, करुणा, और प्रसन्नता का स्तर अधिक होता है। परिवर्तनशील युग में ध्यान की आवश्यकता आज की वैज्ञानिक प्रगति ने जीवन को सुविधाजनक तो बना दिया है, पर मन को अधिक जटिल भी। प्रतिस्पर्धा, तनाव, अवसाद, भय - ये आधुनिक सभ्यता की छाया हैं। ऐसे में ध्यान और योग, केवल आध्यात्मिक विधियाँ नहीं बल्कि मानव मस्तिष्क की वैज्ञानिक चिकित्सा बन गई हैं। नित्य ध्यान से - मानसिक तनाव घटता है, भावनात्मक संतुलन आता है, और जीवन में रचनात्मक ऊर्जा प्रवाहित होती है। इससे व्यक्ति स्वयं को समझता है, और जब स्वयं को समझता है, तभी संसार को भी यथार्थ रूप में देख पाता है। विज्ञान और योग के सामाजिक आयाम विज्ञान और योग का संगम केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं है।इनका प्रभाव समाज, शिक्षा, पर्यावरण और वैश्विक शांति तक विस्तारित है। शिक्षा में योग-विज्ञान विद्यार्थियों में एकाग्रता , स्मरणशक्ति और भावनात्मक संतुलन बढ़ाता है। चिकित्सा में योग-विज्ञान रोगों की रोकथाम और उपचार दोनों में सहायक है। भारतीय ऋषियों की वैज्ञानिक दृष्टि प्राचीन भारत में अध्यात्म और विज्ञान कभी अलग नहीं थे।चरक, सुश्रुत, पतंजलि, कणाद, कपिल - ये सभी वैज्ञानिक थे, जिन्होंने जीवन के भौतिक और आध्यात्मिक दोनों पहलुओं का अध्ययन किया। उनके लिए प्रयोगशाला शरीर था और प्रयोग मन की चेतना। उनकी खोजें भले आधुनिक तकनीकी उपकरणों में न हों, पर वे मनुष्य के अस्तित्व के सूक्ष्मतम स्तर तक उतर चुकी थीं।

विज्ञान में आत्मा की आहट अंतर्राष्टीय विज्ञान दिवस केवल आविष्कारों की याद नहीं दिलाता, बल्कि यह चेतना का उत्सव है। विज्ञान जब आत्मा को समझेगा, तब वह केवल ज्ञान नहीं, प्रज्ञा बन जाएगा। आज आवश्यक है कि विज्ञान को योग की दृष्टि से और योग को विज्ञान की कसौटी पर देखें।

योग गुरु महेश अग्रवाल नें बताया कि विज्ञान और योग - दोनों ही सृष्टि के रहस्य को समझने के प्रयास हैं। जब विज्ञान मनुष्य की बाहरी दुनिया को व्यवस्थित करता है और योग उसकी आंतरिक दुनिया को संतुलित करता है, तब दोनों मिलकर सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

## वोट चोरी ~ देश चाहता राहुल के सवालों के बिंदुवार जवाब

तनवीर जारी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी इन दिनों सत्ता व चुनाव आयोग की मिलीभगत के कथित नेटवर्क को लेकर काी आक्रामक हैं। विगत 7 अगस्त से लेकर गत 5 नवंबर तक वे चार बार देश के मीडिया के समक्ष अनेक प्रमाणों सहित सार्वजनिक रूप से यह दावे कर चुके हैं कि चुनाव आयोग सत्ता की कठपुतली के रूप में काम करते हुये %वोट चोरी% कर रहा है। जिस तरह 7 अगस्त को उन्होंने अपनी इस तरह की पहली प्रस्तुति में कर्नाटक के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र को केंद्र में रखते हुये यहाँ 1,00,250 ी वोट जोड़े जाने का आरोप लगाया था जिसमें 11,956 डुप्लीकेट वोटर, 40,009 अमान्य पते, 10,452 बल्क रजिस्ट्रेशन अर्थात एक ही पते पर 80 लोग , 4,132 अमान्य ोटो , और 33,692 ॉर्म 6 का दुरुपयोग जैसे अनेक गंभीर आरोप लगते हुये कहा था कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर ÷वोट चोरी÷ करते हुये ÷एक व्यक्ति, एक वोट÷ के सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है। । ठीक उसी र्त पर उन्होंने पिछली 5 नवंबर को दिल्ली में मीडिया के समक्ष हरियाणा के अक्टूबर 24 के चुनावों में बे पैमाने पर हुई कथित धांधली का भी भंडाफो किया। इस बार सुबूतों के साथ चुनाव आयोग पर लगाये गए उनके आरोप और भी अधिक गहरे व गंभीर थे।

उन्होंने यहाँ आरोप लगाया कि 2024 के राज्य विधानसभा चुनाव में 25 लाख वोट ÷चुराए÷ गए। ÷ उन्होंने अपनी इस प्रस्तुति को ॥ स्रद्बद्यद्गह्य÷ का नाम दिया तथा अपने इन गंभीर रहस्योद्घाटन को सत्ता व चुनाव आयोग के लिये हाइड्रोजन बताया। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में भी 5,21,619 डुप्लीकेट वोटर पाए गए जबकि 93,174 मतदाताओं के पते अमान्य मिले। इसी तरह 19,26,351 बल्क वोटर पाए गये और 1,24,177 मत ऐसे मिले जिनपर ी ोटो लगाई गयी थी। इन्हीं ी ोटो में एक चित्र एकब्राीलियन मॉडल का भी इस्तेमाल किया गया जिसके ोटो पर 10 अलग अलग बूथों पर अपना नाम बदल बदल कर 22 बार मतदान किया गया था। जब उस ब्राीलियन मॉडल लैरिसा नेरी को ब्राील में यह पता लगा कि उस के चित्र का प्रयोग भारत के वोटर लिस्ट में बार बार सीमा, स्वीटी, सरस्वती जैसे 22 अलग अलग नामों के साथ किया गया है तो उसने कहा कि वह इससे पूरी तरह अनजान हैं। उसने एक वीडियो में हैरानी जताते हुए कहा-÷दोस्तों, मैं आपको एक मा सुनाती हूं-यह बहुत भयानक है! वे भारत में चुनावों के लिए मेरी पुरानी तस्वीर का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें मुझे भारतीय दिखा रहे हैं। यह पागलपन क्या है मैं कभी भारत नहीं गई हूं। यह अविश्वसनीय है।÷ गोया ब्राील तक भारतीय चुनाव आयोग की धांधली के डंके बजते सुने जा सकते हैं। इसी तरह एक महिला का चित्र ऐसा भी था जिसे लगाकर 223 बार दो अलग बूथों पर मतदान कराया गया। 5 नवंबर को दिल्ली में ÷॥ स्रद्बद्यद्गह्य÷ के प्रस्तुत करने के बाद राहुल गाँधी बिहार की अपनी सभी चुनावी जनसभाओं में केंद्रीय चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर कथित वोट चोरी का सार्वजनिक रूप से आरोप लगा रहे हैं। और जनता की ओर से %वोट चोर गद्दी छो% के नारे लगाये जा रहे हैं। वे हरियाणा की भाजपा सरकार को चोरी की सरकार बता रहे हैं। वे लद्गठ्ठ" का भी वोट चोरी के प्रति सचेत रहने का आह्वान कर रहे हैं। राहुल गाँधी के अनुसार '' सच तो ये है कि नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी और चुनाव आयोग, ये तीनों मिलकर संविधान पर हमला कर रहे हैं। संविधान कहता है 'वन मैन, वन वोट' ।उन्होंने कहा, ''वे लोग बिहार में भी यही करने जा रहे हैं। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और गुजरात में भी हो चुका है।'' इस रहस्योद्घाटन के बाद दिल्ली से भी कुछ ऐसे ास लोगों के नाम उजागर हो रहे हैं जिनके पास दिल्ली का भी मतदाता पहचान पात्र है और बिहार का भी। अब लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गाँधी के इस तरह के अति गंभीर व गहरे आरोपों का जवाब यदि केंद्रीय चुनाव आयोग बिंदुवार तरी से देने के बजाये केवल उन्हें झुठलाने की कोशिश करे या इन आरोपों को बेबुनियाद कहकर उल्टे राहुल गांधी से ही अपने आरोपों संबंधी हलनामा दालि करने को कहे तो इससे चुनाव आयोग की साख पर सवाल उठना तो लामिी है या केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना कि हरियाणा में कांग्रेस आपसी फूट के कारण हारी और राहुल अपनी नाकामी को छुपाने के लिए झूठे दावे कर रहे हैं या हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राहुल के दावों दावों को ारिज कर देना निश्चित रूप से राहुल के आरोपों का जवाब नहीं है।

# भारत में कोई भी अहिंदू नहीं ~ सभी एक ही पूर्वजों के वंशज - संघप्रमुख

कृष्णमोहन झा/

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस वर्ष 2 अक्टूबर को अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर लिए । इस गौरवशाली उपलब्धि के उपलक्ष्य में संघ के द्वारा देश भर में व्याख्यान मालाएं, संवाद कार्यक्रम सहित भव्य आयोजनों का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है जिसकी एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में विगत दिनों बेंगलुरु में एक अनूठा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले संघ प्रमुख ने संघ की 100 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पर अपना विद्वत्ता पूर्ण विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया और दूसरे दिन अतिथियों की जिज्ञासाओं का सारगर्भित समाधान किया। इस कार्यक्रम में लगभग समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 1200 विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के मंच पर सरसंघचालक मोहन भागवत के साथ संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भी आसीन थे।

संघ प्रमुख ने अपने व्याख्यान में इस बार को विशेष रूप से रेखांकित किया कि भारत में कोई भी अहिंदू नहीं है । सभी मुसलमान और ईसाई एक ही पूर्वजों के वंशज हैं । इस बात को शायद उन्होंने भुला दिया या उन्हें यह भूलने के लिए मजबूर किया गया। भागवत ने हिन्दूओं को ही भारत के लिए जिम्मेदार बताते हुए कहा कि संघ का उद्देश्य सत्ता में समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त करना नहीं है। उसका उद्देश्य राष्ट के गौरव के संरक्षण के लिए हिंदू समाज को समाज को संगठित करना है। देश की मूल संस्कृति हिन्दू संस्कृति है।

संघ प्रमुख ने कहा कि जब यह प्रश्न उठाया जाता है कि संघ केवल हिन्दू समाज के लिए ही क्यों कार्य करता है तो इसका उत्तर यह है कि हिंदू ही इस देश के लिए जिम्मेदार है। अंग्रेजों ने हमें राष्टीयता नहीं दी । हम एक प्राचीन राष्ट हैं । दुनिया में हर जगह लोग इस बात पर सहमत हैं कि हर राष्ट की अपनी एक मूल संस्कृति होती है । भारत की मूल संस्कृति क्या है। हम जो भी वर्णन करें वह हमें हिंदू शब्द पर ले जाता है। वही हमारी मूल संस्कृति है। भागवत ने कहा कि जानबूझकर या भले ही अनजाने में हर कोई भारतीय संस्कृति का पालन करता है। इसलिए यहां कोई अहिंदू नहीं है और हर हिन्दू को यह समझना चाहिए कि वह हिंदू है क्योंकि हिन्दू होने का मतलब भारत के लिए जिम्मेदार होना है। संघ प्रमुख ने अपनी इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया कि सनातन धर्म ही हिन्दू राष्ट है और सनातन धर्म की प्रगति ही राष्ट की प्रगति है।

संघ प्रमुख ने अपने संबोधन में उन कठिन चुनौतियों का उल्लेख किया जिनका संघ को अपनी 100 वर्षों की यात्रा में सामना करना पड़ा। संघ प्रमुख ने कहा कि इन कठिन चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए संघ निरंतर आगे बढ़ता रहा। संघ को लगभग 60-70 सालों तक खड़े विरोध का सामना करना पड़ा जिनमें दो बार संघ पर प्रतिबंध और स्वयंसेवकों पर हिंसक हमले भी शामिल हैं।तीसरी बार भी प्रतिबंध लगा परंतु वह ख़ास नहीं था। हमारी बहुत आलोचना भी हुई। संघ की राह को अवरूद्ध करने के बहुत प्रयास किए गए लेकिन संघ के जो स्वयंसेवक अपना सब कुछ संघ को देते हैं और बदल में कुछ नहीं चाहते उनके समर्पण की ताकत से हमने सभी चुनौतियों को परास्त किया और अब हम इस स्थिति में पहुंच गए हैं कि हमारी विश्वसनीयता बन चुकी है। संघ प्रमुख ने संघ अपने कार्यों को हर गांव ,समाज के हर तबके सभी जातियों और वर्गों तक पहुंचाना चाहता है। संघ प्रमुख ने साफ साफ कहा कि संघ किसी दूसरे संगठन के खिलाफ खड़ा किया गया संगठन नहीं है। एक सामाजिक संगठन के रूप में व्यक्ति निर्माण से निर्माण ही संघ का उद्देश्य है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 100 वर्ष पूर्व संघ ने जन्म लिया

संघ प्रमुख ने इस अनूठे संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन सभागार में उपस्थित अतिथियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। संघ में प्नवेश की पात्रता के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में मोहन भागवत ने कहा कि किसी भी ब्राह्मण को संघ में प्रवेश की अनुमति नहीं है। किसी भी अन्य जाति के व्यक्ति को संघ में प्रवेश की अनुमति नहीं है। किसी भी मुसलमान को संघ में प्रवेश की अनुमति नहीं है किसी भी ईसाई को संघ में प्रवेश की अनुमति नहीं है । संघ में केवल हिंदुओं को प्रवेश की अनुमति है इसलिए किसी भी संप्रदाय के लोग चाहे वे मुसलमान हों ,ईसाई हों या किसी अन्य संप्रदाय के हों ,संघ में आ सकते हैं लेकिन उन्हें अपनी विशिष्टता ( धार्मिक पहचान) बाहर रखकर ही संघ में प्रवेश की अनुमति है। आपकी विशिष्टता का स्वागत है लेकिन जब आप संघ में आते हैं तो आप भारत माता के पुत्र या हिन्दू समाज के सदस्य के रूप में आते हैं। संघ ने बिना किसी लाग लपेट के कहा कि मुसलमान संघ की शाखा में आते हैं, ईसाई भी संघ की शाखा में आते हैं , नियमित रूप से हिंदू समाज कही जाने वाली सभी जातियों के लोग संघ की शाखाओं में आते हैं लेकिन संघ की शाखा में हम उनकी गिनती नहीं करते और न ही यह पूछते हैं कि वे कौन हैं। संघ में आने वाले सभी लोग भारत माता के पुत्र हैं। संघ इसी तरह काम करता है। संघ प्रमुख ने कहा कि हम पूरे हिंदू समाज को संगठित करना, एकजुट करना और गुणवत्ता प्रदान करना चाहते हैं ताकि वह एक मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण कर सके जो दुनिया का धर्म का ज्ञान प्रदान कर सके ताकि दुनिया खुश आनंदित और शांतिपूर्ण हो। कार्य का वह हिस्सा पूरे समाज और राष्ट के द्वारा किया जाना है।हम इसके लिए हिंदू समाज को तैयार कर रहे हैं। हमारा एकमात्र विजन है एकल विजन।हम पूरे हिंदू समाज को संगठित करना चाहते हैं यही हमारा कार्य है। हम इसे पूर्ण करेंगे और बाकी काम संगठित समाज करेगा।हमारा मिशन , हमारी दृष्टि एक मजबूत हिंदू समाज है।

संघ के पंजीकृत संगठन न होने के आरोपों से जुड़े प्रश्न के उत्तर में मोहन भागवत ने दो टूक लहजे में कहा कि संघ की स्थापना 1925 में हुई थी तो क्या आप उम्मीद कर सकते हैं कि हम ब्रिटिश सरकार के साथ पंजीकृत होंगे। हमें व्यक्तियों के एक समूह के रूप में वर्गीकृत किया गया है और हम एक मान्यता प्राप्त संगठन हैं। आजादी के बाद भारत सरकार ने ऐसे संगठनों के लिए पंजीकरण अनिवार्य नहीं बनाया है।आयकर विभाग और अदालत ने हमें व्यक्तियों के समूह के एक रूप में मान्यता दी है और आयकर विभाग ने हमें छूट प्रदान की है। सरकार ने संघ पर तीन बार प्रतिबंध लगाया । अगर आर एस एस नहीं था तो उन्होंने किस पर प्रतिबंध लगाया। भागवत ने कहा कि भारत में कई चीजें पंजीकृत नहीं हैं यहां तक कि हिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है। मोहन भागवत ने संघ के भगवा ध्वज को लेकर जारी विवाद से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में स्पष्ट कहा कि संघ हमेशा राष्टीय ध्वज का सम्मान करता है और सदैव उसकी रक्षा के लिए खड़ा है । संघ प्रमुख ने कहा कि राष्टीय ध्वज का फैसला 1933 में हुआ था जिसमें झंडा समिति द्वारा सर्वसम्मति से भगवा का राष्टीय ध्वज के रूप में चयन किया गया। परंतु गांधी जी ने इस मामले में हस्तक्षेप किया और किसी कारणवश उन्होंने कहा कि राष्टीय ध्वज में तीन रंग होंगे जिसमें भगवा रंग सबसे ऊपर होगा। मोहन भागवत ने जोर देकर कहा कि संघ हमेशा राष्टीय ध्वज का सम्मान करता है और उसकी रक्षा के लिए हमेशा खड़ा है। संघ प्रमुख ने भारत के पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण रवैए से जुड़े एक सवाल के उत्तर में कहा कि भारत कभी भी पाकिस्तान के साथ संघर्ष की शुरुआत नहीं करता।हर बार उसकी तरफ से ही माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाती है। उसे यह समझना चाहिए कि उसे अपनी कोशिशों में कभी सफलता नहीं मिलेगी। संघ प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने की आवश्यकता है ताकि वह समझ सके कि भारत के साथ प्रतिस्पर्धा अथवा लड़ाई करने की बजाय सहयोग करने में ही पाकिस्तान का हित है। संघ प्रमुख ने कहा कि ऐसा लगता है कि उसे यह भाषा समझ में नहीं आती इसलिए उसे उसी की भाषा में जवाब देने की जरूरत है ताकि उसे अपने किए पर पछतावा हो। भागवत ने कहा कि भारत का शांतिपूर्ण पड़ोसी बनने से पाकिस्तान की प्रगति भी हो सकती है ।एक अन्य प्रश्न के उत्तर में संघ प्रमुख ने कहा कि भारत में तीन शताब्दियों से मतांतरण के प्रयासों के बावजूद अब भी हम हिंदुस्तान ही हैं।हमारा धर्म और संस्कृति जीवित है। इसे बचाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। मोहन भागवत ने सामाजिक एकता और आंतरिक गुणवत्ता को देश के विकास, सुरक्षा और संस्कृति के संरक्षण की मुख्य शक्ति बताते हुए कहा कि एम एस एम ई , कारपोरेट क्षेत्रों, कृषि और स्वरोजगार क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं । भागवत ने इन्हें देश की जीडीपी और रोजगार सृजन की निरूपित करते हुए इन क्षेत्रों की शक्ति को और मजबूत करने की आवश्यकता जताई।

संघ प्रमुख ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत को परमाणु ईंधन के संदर्भ में थोरियम अनुसंधान पर उच्च प्राथमिकता देना चाहिए। यूरेनियम के विकल्प के रूप में हम थोरियम के उपयोग के मामले में हम आत्मनिर्भर हैं।इस क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाएना चाहिए। चूंकि राष्टीय स्वयंसेवक संघ न तो सरकार है और न ही वह कोई राजनीतिक दल है इसलिए हम प्रत्यक्ष कार्रवाई नहीं कर सकते लेकिन हम जागरूकता पैदा करने में अपनी भूमिका का निर्वाह करने के लिए सजग हैं।

प्रशासन से 6 सूत्रीय मांगों पर बनी सहमति

# आरी डोंगरी माइंस विवाद : 24 घंटे बाद समाप्त हुआ ग्रामीणों का चक्का जाम



**भानुप्रतापपुर।** आरी डोंगरी गोदावरी माइंस के प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर शुरू किया गया चक्का जाम आंदोलन बुधवार को आखिरकार 24 घण्टे बाद समाप्त किया गया। ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह 11 बजे से स्टेट हाईवे पर प्रदर्शन शुरू किया था, जिसके कारण भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मार्ग पिछले 24 घंटों से पूरी तरह से बंद था और सड़क के दोनों ओर ट्रकों की लंबी कतारें लग गई थीं। यह गतिरोध गोदावरी इस्पात की प्रस्तावित जनसुनवाई के विरोध में उत्पन्न हुआ था। जिला प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच बुधवार को हुई लंबी चर्चा के बाद सहमति बनी, जिसके उपरांत प्रदर्शनकारियों ने जाम समाप्त करने की घोषणा की। ग्रामीण अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कड़ाके की ठंड में भी पूरी रात डटे रहे। उनकी प्रमुख मांगों में जनसुनवाई की प्रक्रिया में स्थानीय लोगों की राय और हितों को प्राथमिकता देना शामिल था। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण सुरक्षा, स्थानीय युवाओं को रोजगार, विस्थापन नीति, और खदान संचालन क्षेत्र से जुड़ी अन्य शर्तें भी रखी गई थीं। प्रशासन ने ग्रामीणों की इन सभी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाया और लिखित में सहमति दी। एक सप्ताह के भीतर 15 किलोमीटर के दायरे में आने वाले प्रभावित गांवों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी व पिछले 16 सालों में सीएसआर मद और डीएमएफ मद से कराए गए सभी कार्यों की विस्तृत सूची प्रदर्शनकारियों को सौंपी जाएगी इसी तरह 6 मांगो पर सहमति बनी हैं। इस दौरान जनपद अध्यक्ष सुना राम तेता, आदिवासी नेता कोमल हुपेंडी, शिवसेना से चंद्रमौली मिश्रा, सरपंच रमल कोर्राम, हरेश चक्रधारी, जनपद सदस्य विष्णु कचलम, शेखर यदु, अनु नरेटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती रही

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीएम गंगाधर वाहिले व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाली, कांकेर डीएसपी योगेश साहू, थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख अपने दलबल के साथ मौके पर तैनात थे और पूरे घटनाक्रम पर करीबी निगरानी बनाए हुए थे। पूरी रात प्रशासनिक व पुलिस बल मौके पर डटे रहे, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। चक्का जाम के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था और स्टेट हाईवे के पूरी तरह बंद होने से व्यापारिक गतिविधियां भी ठप पड़ गई थीं। प्रशासन के लिए एक ओर ग्रामीणों के आक्रोश को शांत करना चुनौती थी, वहीं दूसरी ओर सड़क को खोलकर आम जनजीवन सामान्य करना प्राथमिकता थी। सहमति बनने के बाद अब क्षेत्र में यातायात सामान्य हुआ।

### सड़क पर बीती रात, सड़क पर ही पकाया भोजन

आरी डोंगरी माइंस के विरोध में चल रहा ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का 'चक्का जाम' आंदोलन मंगलवार को पूरे दिन और रात जारी रहा। अपनी मांगों पर अड़े प्रदर्शनकारी कड़ाके की ठंड की परवाह न करते हुए पूरी रात स्टेट हाईवे पर ही डटे रहे। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए अनोखा तरीका अपनाया। चूंकि वे 24 घंटे से अधिक समय तक बैठे रहे, इसलिए रात्रि में उन्होंने प्रदर्शन स्थल को ही अस्थायी रसोई बना लिया। प्रदर्शनकारियों के लिए भोजन प्रदर्शन स्थल पर ही पकाया गया और उन्हें सड़क पर ही कतारों में बिठाकर परोसा गया। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए ग्रामीणों ने सड़क के किनारे आग जलाकर थोड़ी राहत ली और पूरी रात वहीं बिताई।

### प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप

इस बीच, आदिवासी नेता संजू नेताम ने प्रशासन पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जानबूझकर प्रदर्शनकारियों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करा रहा है। प्रशासन को हमारी कोई फिक्र नहीं है। प्रदर्शन स्थल पर खाना बनाने के लिए पानी का टैंकर तक लाने नहीं दिया जा रहा है, जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वे हम पर दबाव बनाना चाहते हैं ताकि हम आंदोलन खत्म कर दें। लेकिन हम अपनी मांगों पर अडिग हैं।

## कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**कोण्डागांव।** शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय कोंडागांव में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय कोंडागांव से आए क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ मधु बघेल एवं कम्युनिटी नर्स निधि साहू ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के अर्थ एवं महत्व से अवगत कराया। साइकोलॉजिकल डिसऑर्डर जैसे स्ट्रेस फोबिया ,मेनिया, साइकोसिस, सिजोफ्रेनिया, ओसीडी ,सुसाइड टेंडेंसी आदि के लक्षणों कारणों और निवारण के उपाय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा कराई गई गतिविधियों में महाविद्यालय की छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। महाविद्यालय के प्राचार्य तिलक चंद्र देवांगन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन निधि जैन सहायक प्राध्यापक हिंदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वाणिज्य की सहायक प्राध्यापक अनिक्षा अंचल सोनी ने अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया।

## 'विधायक उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में बस्तर ओलंपिक का भव्य शुभारंभ'

### 'खेलों से बदल रहा है बस्तर का चेहरा'

**कोंडागांव।** जनप्रतिनिधियों और खिलाड़ियों के बीच हुई उत्साहजनक रस्साकस्सी के साथ बुधवार को बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में खेलो इंडिया मैदान, कनेरा रोड में जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का भव्य शुभारंभ हुआ। बस्तर संभाग के अंदरूनी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को एक मंच देने और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन पूरे संभाग में ब्लॉक और जिला स्तर पर किया जा रहा है।कोंडागांव जिले में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के बाद आज से जिला स्तरीय मुकाबलों की शुरुआत हुई है। इस वर्ष जिलेभर से 59,609 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। खिलाड़ियों के लिए भोजन, स्वास्थ्य जांच, बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। यह प्रतियोगिता 15 नवम्बर तक चलेगी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक लता उसेंडी ने कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेल नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा, ÷मुख्यधारा से भटके लोगों को समाज से जोड़ने और बस्तर के विकास में भागीदारी दिलाने की यह अनोखी पहल है। जो खिलाड़ी मैदान में मेहनत करेगा, उसका समय जरूर आएगा। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने खिलाड़ियों से नियमों का पालन करने और पूरे मनोयोग से खेल में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी संभाग स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे, मैं आशा करती हूँ की वहां भी जिले का नाम रोशन करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि यह आयोजन पारंपरिक और आधुनिक खेलों का संगम है, जो अंदरूनी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त मंच बन गया है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, जनपद अध्यक्ष अनीता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य भगवती नेताम, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, सोना मणि, जीतू सुराना सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर ओलम्पिक का यह आयोजन बस्तर के युवाओं में नई ऊर्जा और विश्वास के साथ परिवर्तन की लहर ला रहा है। बस्तर के युवा अब बंदूक नहीं, बल्कि जुडो, तीरंदाजी, कबड्डी और हॉकी के मैदानों से अपनी नई पहचान गढ़ रहा है।

## 'औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के प्रचार हेतु 18 और 22 नवम्बर को होगी औद्योगिक संगोष्ठी'

**कोंडागांव।** प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के प्रचार-प्रसार हेतु जिले में औद्योगिक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह संगोष्ठी 18 नवम्बर 2025 को जिला पंचायत, कोंडागांव के सभा कक्ष में तथा 22 नवम्बर 2025 को नगर पालिका केशकाल के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। इस संगोष्ठी में उद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा नई नीति के तहत उपलब्ध औद्योगिक निवेश प्रोत्साहनों की जानकारी दी जाएगी, जिसमें ब्याज अनुदान, अधोसंरचना लागत पूंजी अनुदान, स्टाम्प शुल्क छूट, विद्युत शुल्क छूट, मंडी शुल्क छूट, तथा परियोजना लागत पूंजी अनुदान जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। नई औद्योगिक नीति में राज्य के औद्योगिक रूप से पिछड़े जिलों और विकासखंडों में निवेश को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है।

# सबके साथ सबका विकास ही प्राथमिकता : केदार कश्यप

## वन मंत्री केदार कश्यप ने खोड़गांव में हितग्राहियों को किया सामग्री वितरण



**नारायणपुर।** राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप के द्वारा जिले के ग्राम खोड़गांव में आयोजित लाकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। वन मंत्री केदार कश्यप ने जिले वासियों के लिए 05 करोड़ 74 लाख 14 हजार रुपए से निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर सौगात दी।

कार्यक्रम में उन्होंने समावेशी शिक्षा के तहत् जिले के 16 अस्थि बाधित, मा.मंद, बधिरांध्र और अल्प दृष्टि बाधित दिव्यांग को छात्र छात्राओं को सहायक उपकरण, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत 09 हितग्राहियों को पेंशन पत्र, उद्यान विभाग अंतर्गत 05 हितग्राहियों को सब्जी बीज, पशुधन विभाग अंतर्गत डुमरतराई के बटेर पालन समूह के हितग्राहियों को कुक्कुट, श्रम विभाग अंतर्गत 05 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 03 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, कृषि विज्ञान केन्द्र अंतर्गत 06 हितग्राहियों को पौध वितरण तथा क्रेडा विभाग अंतर्गत सौर सुजला योजना फेस 09 के तहत् 05 हितग्राहियों को समबर्सिबल पंप और सर्फेस पंप का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने हितग्राही मूलक योजनाओ की तारीफ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सबके साथ सबका विकास करना चाहती है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, नगर पालिका के अध्यक्ष इन्द्रप्रसाद बघेल, छोटेडोंगर सरपंच संध्या पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिंकी उसेंडी, समाजसेवी बृजमोहन देवांगन, पुलिस अधिक्षक रॉबिनसन गुड़िया, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, भिलाई स्टील प्लांट के चीफ जनरल मैनेजर अनुपम बिस्ट, एसडीएम अभयजीत मंडावी, जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्य, नगर पालिका के पार्षदगण उपस्थित थे।

## दन्तेवाड़ा में गौधाम योजनान्तर्गत जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन



**किरंदुल।** जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार मंगलवार जिला दन्तेवाड़ा में गौधाम योजनान्तर्गत जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय समस्त नामित अध्यक्ष एवं सदस्यों की प्रथम समीक्षा बैठक आयाजित किया गया।बैठक में गौधाम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों से चर्चा के दौरान आयें सुझावों को कार्य योजना में सम्मिलित किया गया,सभी अध्यक्ष एवं सदस्यों ने गौठानों की संख्या बढायें जाने पर विशेष रूप से विकासखण्ड कुआकोण्डा,कटेकल्याण को जोर दिया गया साथ ही गौधाम योजना को टिकाउ बनाये रखने हेतु आजीविका से जोडने हेतु अन्य पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष धनेश्वर दास ने बताया दन्तेवाड़ा जिला एक जैविक जिला हैं जिसके कारण गौधाम के संचालन होने से जैविक कृषि के प्रचार-प्रसार में महत्वपुर्ण भुमिका होगी इस बिन्दु को ध्यान में रखते हुये जिले में इस योजना से अधिकतम पशुपालको को जोड़ने हेतु विशेष पहल की आवश्यकता पर सभी ने सहमति जताई अन्त में जिला व सभी विकासखण्ड के अध्यक्षों द्वारा इस योजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाने हेतु हर सम्भव सहयोग व सामन्जस्य स्थापित करने की कही गई। बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी ने अपने उद्बोधन में दन्तेवाड़ा जिले के जैविक जिला होने के साथ इस योजना के संचालन से जैविक कृषि के कार्य को और प्रगति मिलेगीं साथ ही इस योजना के संचालन से जिले के कृषक एवं पशुपालक निश्चित रूप से लाभान्वित होगें।इस योजना से न केवल आर्थिक प्रगति करेगें बल्कि जैविक कृषि के विस्तार से यहाँ के लोगों का स्वास्थ के लिये भी लाभकारी सिद्ध होगा।अतः इस योजना को सफल कियान्वयन हेतु व्यकितगत स्तर पर विशेष पहल की आवश्यकता होगी।मौके पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष धनेश्वर दास, मनोज सिंह भदौरिया, कुआकोण्डा ब्लॉक अध्यक्ष रामकृष्ण बैरागी, हरिराम यादव, राजेश नाग, सुरेश वर्मा, रमेश यादव, डी आर बघेल एवम विकासखंड सदस्य तथा शासकीय पदेन सदस्य उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की जानकारी ली और गणना पत्रक वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि एसआईआर के तहत गणना पत्रक वितरण कार्य में तेजी लाएं तथा बीएलओ एप में ऑनलाइन एंट्री समय पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बीएलओ को सहयोग प्रदान करने हेतु नियुक्त वालंटियर्स को आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए। बैठक में धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम को किसानों के पंजीयन से संबंधित लंबित प्रकरणों का समितिवार निराकरण शीघ्र करने के निर्देश दिए। साथ ही धान के अवैध परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सतत निगरानी रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने यह भी कहा कि धान खरीदी कार्य के सुचारू संचालन हेतु अनुभाग स्तर पर समिति के कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दें। बैठक में श्रम विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना प्रकरणों में बीमा राशि भुगतान, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड निर्माण की प्रगति, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, उज्व्वला योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई।

## ग्रामीण परिवहन संघ ने नारायणपुर जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की मांग की



**नारायणपुर।** जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की तत्काल आवश्यकता से अवगत कराने के लिए ग्रामीण परिवहन संघ ने मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन जिसमें कहा गया कि जिले में आमदई और रावघाट लौह अयस्क खदाने संचालित है और सरकार को रॉयल्टी, डी.एम.एफ. और सी.एस.आर फण्ड प्रयास मिलने के बावजूद जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है वहीं जिला अस्पताल नारायणपुर में महिलाओं को स्त्री रोग संबंधी देखभाल और सुविधाओं के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है, इस कमी के कारण कई गर्भवती महिलाओं की प्रसव के दौरान मौत हो चुकी है। गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं और जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है, और महिलाएं समय पर आवश्यक उपचार से वंचित हो रही हैं। इसलिए एक स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति से हमारे जिला अस्पताल में महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार होगा। इससे न केवल नियमित जांच, गर्भावस्था की देखभाल और अन्य स्त्री रोग संबंधी बीमारियों का इलाज संभव होगा, बल्कि यह सुनिश्चित होगा कि संघ ने मांग किया इस मामले को गंभीरता से लें और जिला अस्पताल नारायणपुर में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ के पद को भरने की तत्काल प्रक्रिया शुरू करें जिसमें ग्रामीण परिवहन संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार दुग्गा, सूरज कुमार नेताम, नरसिंह मंडावी, संतु राम उसेंडी, सोमारू दुग्गा, रामसाय दुग्गा, अर्जुन देवांगन और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 नवम्बर तक

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 2025-26 सत्र में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आईलाइन आवेदन आमंत्रित की गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के लिए उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी 30 नवम्बर 2025 तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. के प्राचार्यो और छात्रवृत्ति प्रभारी द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण, स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया वेबसाईट पर की जा रही है। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन (नवीन व नवीनीकरण) के लिए अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025, विद्यार्थी द्वारा संस्था, पाठ्यक्रम और वर्ष परिवर्तन की अंतिम तिथि 18 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त ने बताया कि निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। विद्यार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे समय पर सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें, ताकि वे छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकें।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने नागरिकों की सुनी समस्याएं

**कोण्डागांव।** साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने जिला मुख्यालय के सभाकक्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में जिले के विभिन्न ग्रामों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और मांगें प्रस्तुत कीं। जनदर्शन में ग्राम ग्राम पंचायत मांझी बोरण्ड के ग्रामीणों ने ढोडरापारा से पटेलपारा तक पुल एवं सड़क की मांग की। ग्राम कचोरा के ग्रामीणों ने हाई स्कूल में गणित एवं संस्कृत विषय के शिक्षक की मांग की। इसी प्रकार ग्राम बागबेड़ा के किसानों के एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने की समस्या से अवगत कराया, जिसे कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसीलदार को उनकी समस्याओं की जांच कर निराकरण हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा राजस्व प्रकरण, वन अधिकार पत्र, आंनगबाड़ी केन्द्र, सड़क एवं पुल निर्माण सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए।



## संक्षिप्त समाचार

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 दिसम्बर तक

**बिलासपुर।** जिले के 18 वर्ष आयु तक के बालक-बालिकाओं को असाधारण वीरता, साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान करने हेतु 20 दिसम्बर 2025 तक आवेदन मंगाये गये है। पुरस्कृत करने के लिए 1 जनवरी 2025 से आवेदन की तिथि के पूर्व तक की अवधि में विचारणीय होगी। आवेदन निर्धारित तिथि तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे जमा किये जा सकते है। विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाईट ढ्ढह्लह्लश्चह्य://ष्द्2ष्ह्र.द्द्श1.द्ढठ्ठ में सम्मान, पुरस्कार खण्ड का अवलोकन किया जा सकता है।

### प्रतियोगियों को मिलेगी निःशुल्क कोचिंग, आवेदन 28 तक

**बिलासपुर।** जिले के एसटी, एससी एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, व्यापम तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। प्रतियोगियों को यह कोचिंग राजीव युवा उत्थान योजना के अंतर्गत प्रदान की जाएगी। इसके लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाए गए है। आवेदन की अंतिम तिथि 28 नवम्बर 2025 तक है। अभ्यर्थी अपना आवेदन पंजीकृत डाक से भेज सकते है या स्वयं उपस्थित होकर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र बिलासपुर में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी बिलासपुर के चांटीडीह रोड साईंस कालेज के पास परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र से प्राप्त की जा सकती है। अभ्यर्थी आवेदन एवं परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट 222.ड्ढद्बद्यड्डह्यश्चह्वह्.द्द्श1.द्ढठ्ठ पर भी प्राप्त कर सकते है।

### अपर कलेक्टर ने मतदाता सूची पुनरीक्षण का लिया जायजा

**बिलासपुर।** अपर कलेक्टर श्री एस.एस. दुबे एवं सकरी के नायब तहसीलदार श्री विभोर यादव ने सकरी तहसील के ग्राम खजुरी नवागांव और बिनोरी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का जायजा लिया और बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बीएलओ के साथ मिलकर कुछ मतदाताओं के घर जाकर उनसे चर्चा की तथा उन्हें एसआईआर कार्य के महत्व के बारे में समझाया। वर्तमान में बीएलओ घर-घर पहुंचकर गणना फार्म का वितरण कर रहे हैं। अपर कलेक्टर श्री दुबे ने सभी बीएलओ को यह कार्य पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ करने के निर्देश दिए।

### सिलाई, ब्यूटी पार्लर कोर्स के लिए आवेदन 22 तक

**बिलासपुर।** महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के लिए शुल्क आधारित लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स जैसे कि सिलाई, ब्यूटी पार्लर, फैशन डिजाईन और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट के लिए 22 नवम्बर 2025 तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका प्रवेश के लिए आवेदन फार्म एवं विस्तृत जानकारी संस्था कार्यालय से प्राप्त कर सकती है।

### नियत समयावधि पर चालान जमा नही करने वाले यातायात नियमों का उल्लंघन कर्ता वाहन स्वामी एवं चालक के प्रकरण नियमित रूप से हो रहे सेंड टू रेगुलर कोर्ट

**बिलासपुर।** पुलिस मुख्यालय एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार नियमित रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात नियमों के उल्लंघन पर आई टी एम एस के माध्यम से ऑनलाइन चालानी कार्यवाही नियमित रूप से की जा रही है तथा निर्धारित समय अवधि पर चालान शुल्क जमा नहीं किए जाने वाले वाहन चालकों/स्वामियों के चालान ऑनलाइन माध्यम से ट्रांसफर टू रेगुलर कोर्ट मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बिलासपुर स्वमेव स्थानांतरित हो जा रही है। सर्वप्रथम वर्चुअल माध्यम से चालान जमा करने का अवसर प्रदान किया जाता है तत्पश्चाप रेगुलर कोर्ट के माध्यम से प्रकरण की सुनवाई की जाती है ऐसे ही बिलासपुर जिले के यातायात थाना में (वर्चुअल कोर्ट वाले प्रकरण) अगस्त 2025 के पूर्व के प्रकरणों जिनके वाहन स्वामी/चालक के द्वारा ऑनलाइन फाइन जमा नहीं किया गया है उनके ऑनलाइन चालान को माननीय न्यायालय ट्रांसफर टू रेगुलर कोर्ट हुआ है जिसमें भी वाहन स्वामी/ चालक को नोटिस जारी की जा रही है परंतु वाहन चालकों द्वारा इस संबंध में रुचि लेकर माननीय न्यायालय में चालान जमा नहीं किया जा रहा है और उनके पते कई बार परिवर्तन हो जाने के कारण उन्हें नोटिस की तामिल में कठिनाइयां हो रही है। अत: ऐसे वाहन स्वामी/ वाहन चालक जिनका ऑनलाइन चालान (वर्चुअल कोर्ट वाले) मोटर यान अधिनियम में फाइन किया गया है वह प्रत्येक दिवस में प्रात: 11:00 बजे से 3:00 बजे तक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बिलासपुर के न्यायालय में उपस्थित होकर फाइन अदा कर अपने प्रकरण का निराकरण कर सकते हैं।

## सिम्स में हुआ एक और हाई रिस्क मरीज का सफल घुटना प्रत्यारोपण

# 75 वर्षीय मरीज गणेश राम निराला का ऑपरेशन हुआ सफल

**बिलासपुर।** सिम्स (छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस) के अस्थि रोग विभाग में एक और हाई रिस्क मरीज का सफल घुटना प्रत्यारोपण किया गया है। यह सर्जरी गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि साबित हुई है। ऑपरेशन से 7 दिन पहले, 75 वर्षीय पुरुष मरीज गणेश राम निराला, निवासी नगरीदिह सक्ती (छत्तीसगढ़), अस्थि रोग विभाग की ओपीडी में घुटनों में दर्द और चलने-फिरने में कठिनाई की शिकायत लेकर पहुंचे थे। डॉ. तरुण सिंह ठाकुर द्वारा विस्तृत जांच और एक्स-रे के बाद पाया गया कि मरीज का बाएं घुटना पूरी तरह खराब हो चुका है। डॉ. ठाकुर ने ऑपरेशन की सलाह दी और वरिष्ठ अस्थि विशेषज्ञ डॉ. ए.आर. बेन से परामर्श लिया गया। मरीज को शुगर और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या होने के बावजूद, पूरी टीम ने सावधानीपूर्वक तैयारियों के बाद 6 नवम्बर 2025 को घुटना प्रत्यारोपण का सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं, दर्दमुक्त हैं और अगले ही दिन स्वयं अपने पैरों पर समर्थ रूप से चलने लगे। ऑपरेशन टीम में डॉ. ए.आर. बेन (विभागाध्यक्ष), डॉ. तरुण सिंह ठाकुर (सहायक प्राध्यापक), डॉ. रवि महोबिया, डॉ. सोमेश शुक्ला, डॉ. सागर कुमार, सिस्टर सुधा और पीजी रेजिडेंट शामिल थे। एनेस्थिसिया विभाग से डॉ. मधुमिता मूर्ति (विभागाध्यक्ष), डॉ. मिल्टन देव बर्मन, डॉ. श्वेता काजूर, डॉ. भावना रॉयजादा और उनकी टीम ने उत्कृष्ट योगदान दिया। नर्सिंग में योगेश्वरी, सिस्टर सुधा और उनकी टीम की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पोस्ट-ऑपरेटिव दर्द प्रबंधन में एनेस्थिसिया डॉक्टरों की विशेष भूमिका रही। यह ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नि:शुल्क किया गया। इम्प्लांट उपलब्ध कराने में डॉ.रमणेश मूर्ति (अधिष्ठाता) और डॉ. लखन सिंह



(चिकित्सा अधीक्षक) का विशेष योगदान रहा। अस्थि रोग विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन में यह ऑपरेशन पूरी तरह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अब तक सिम्स में कुल 30 कूल्हा प्रत्यारोपण और 22 घुटना प्रत्यारोपण आयुष्मान योजना के अंतर्गत नि:शुल्क किए जा चुके हैं। विभाग लगातार ऐसी सेवाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को नई उम्मीद दे रहा है। अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति का विचार: हमारा उद्देश्य गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। आयुष्मान भारत योजना के तहत सिम्स द्वारा किए जा रहे नि:शुल्क ऑपरेशन्स मरीजों के लिए एक नई जिंदगी की शुरुआत है। हम गर्व महसूस करते हैं कि हम समाज के इस वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह का विचार: हमारे अस्पताल में हर मरीज के इलाज को सर्वोत्तम बनाने के लिए हम हमेशा तत्पर रहते हैं। यह सफल घुटना प्रत्यारोपण ऑपरेशन इस बात का प्रमाण है कि हम अपनी सीमाओं के बावजूद, हर मरीज को समय पर और उचित इलाज देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आयुष्मान भारत योजना से जुड़कर हम हर दिन और भी ज्यादा लोगों की मदद करने में सक्षम हो रहे हैं।

# मछली पालन में कोरिया जिला बना प्रगति का विशेष उदाहरण

■ वर्ष 2000 की तुलना में दोगुना हुआ मत्स्य उत्पादन, जल संसाधनों के बेहतर उपयोग से ग्रामीणों की आमदनी में बढ़ोतरी

कोरिया। जिले में मत्स्य पालन विभाग का प्रमुख उद्देश्य जिले के उपलब्ध जल संसाधनों को मत्स्य उत्पादन के दायरे में लाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। आधुनिक पद्धतियों के प्रयोग और जलक्षेत्र के विस्तार से जिले में मछली पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2000 में जिले में कुल 44 सिंचाई जलाशय एवं 314 ग्रामीण तालाबों को मिलाकर 1335.858 हेक्टेयर क्षेत्र था, जिसमें 839.80 हेक्टेयर क्षेत्र में मत्स्य पालन किया जाता था। वहीं वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 52 सिंचाई जलाशय एवं 610 ग्रामीण तालाबों के साथ 1743 हेक्टेयर तक पहुँच गई है, जिसमें से 1568 हेक्टेयर क्षेत्र में मछली पालन हो रहा है। वर्ष 2000 में ग्रामीण तालाबों में मछली उत्पादन 1600 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 2500 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गया है। इसी तरह सिंचाई जलाशयों में उत्पादन 40 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 75 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गया है। इस प्रकार जिले में कुल औसत वार्षिक उत्पादन अब 2575 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तक पहुँच गया है, जो पहले की तुलना में लगभग 60 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। पिछले दो वर्षों में मछली पालन विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 250 परिवारों को लाभान्वित किया गया है, जिनमें 215 अनुसूचित जनजाति, 20 अनुसूचित जाति, 50 पिछड़ा वर्ग एवं 15 अन्य वर्गों के परिवार शामिल हैं। इनमें से 25 परिवारों को मत्स्य उत्पादन हेतु तथा 28 परिवारों को अपनी भूमि में तालाब निर्माण के लिए सहायता दी गई है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत जिले के झुमका सिंचाई जलाशय में 48 केजों की स्थापना की गई है, जिनमें पंगास मछली का पालन किया जा रहा है। प्रत्येक केज से औसतन 2500 किलोग्राम मछली उत्पादन प्राप्त हो रहा है। इस प्रकार जिले में 1 लाख 20 हजार किलोग्राम वार्षिक उत्पादन दर्ज किया गया है, जिससे मत्स्य पालक परिवारों को स्थायी आमदनी प्राप्त हो रही है।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जनजातीय गौरव पखवाड़ा समारोह के तहत भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की

**बिलासपुर।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने जनजातीय गौरव पखवाड़ा के समारोह के तहत आज, नई दिल्ली स्थित रेल भवन में भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की।



जनजातीय नायकों की वीरता, दूरदर्शिता और योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए, जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा 1 से 15 नवंबर 2025 तक पूरे देश में मनाया जा रहा है। पखवाड़े भर चलने वाला यह उत्सव भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष भर मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव वर्ष का हिस्सा है। भगवान बिरसा मुंडा भारत के सबसे सम्मानित जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे और औपनिवेशिक उत्पीड़न के खिलाफ प्रतिरोध के एक चिरस्थायी प्रतीक थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के आदिवासी समुदायों के बलिदान, संस्कृति और विरासत का सम्मान करने और उनके साहस एवं राष्ट्र-निर्माण की कहानियों को राष्ट्रीय चेतना में लाने के लिए जनजातीय गौरव वर्ष मनाने की घोषणा की थी। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भगवान बिरसा मुंडा और अन्य आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहे।

# बंशीपुर में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**सूरजपुर।** जिला एड्स नियंत्रण समिति तथा टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कलेक्टर सूरजपुर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन तथा बीएमओ डॉ. अजीत दीवान के नेतृत्व में अकांक्षी ब्लॉक प्रतापपुर के ग्राम बंशीपुर पंचायत भवन में जिला एवम ब्लॉक टीम द्वारा एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के संदेहास्पद मरीजों का एच आई व्ही, टीबी, हेपेटाइटिस बी जाँच, बीपी, शुगर एवं यौन जनित रोगों की नि:शुल्क जाँच परामर्श तथा नि:शुल्क दवाइयां वितरित किया गया। कोयला खदान क्षेत्र के आस-पास निवासरत ग्रामों तथा नगर पंचायत वार्डों में निवासरत लोगों में एच आई व्ही तथा टीबी एवं उससे जुड़े अन्य गंभीर बीमारी की पहचान तथा उसके निदान के संबंध में एक दिवसीय एकीकृत स्वाथ्य शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 174 मरीजों का पंजीयन करके उनमें से 64 मरीजों का जिले से आए टीम द्वारा पोर्टेबल मशीन से छाती का एक्स रे, 39 मरीजों का खखार सेम्पलिंग, 71 मरीजों का एच आई व्ही, एस टीआई, आर टीआई जाँच तथा हेपेटाइटिस एवं सुगर जांच किया गया साथ ही कुछ पॉजिटिव आए मरीजों को उपचार करते हुए जिले के आईसीटीसी सेंटर बुलाया गया है। स्वास्थ्य शिविर में ग्राम के स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सरपंच एवं सचिव के साथ जिले से आए नोडल अधिकारी डॉ. जे.एस. सरुता, संजीत सिंह,उमेश गुप्ता, जिला हॉस्पिटल एक्सरे टीम व लैब जांच टीम।

# समिति कर्मचारियों की हड़ताल के चलते धान खरीदी की वैकल्पिक व्यवस्था........

### नए कर्मचारियों को दिया गया धान खरीदी का प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी के दौरान समिति कर्मचारियों के हड़ताल के चलते जिला प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था लागू की है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने हड़ताल के कारण राजस्व, कृषि, खाद्य और सहकारिता विभाग के कर्मचारियों को समिति प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपकर खरीदी प्रक्रिया जारी रखने के निर्देश दिए है। आज 140 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नए कर्मचारियों को धान खरीदी का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध हो। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्रों पर समुचित व्यवस्था हो। सभी उपार्जन




केंद्र समय पर तैयार रहे। कलेक्टर ने कहा कि यह वैकल्पिक व्यवस्था किसानों के हित को ध्यान में रखकर बनाई गई है। प्रशिक्षण में उपार्जन केंद्र की तैयारी, बारदाना प्राप्ति, टोकन वितरण, धान का वजन और गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण में अधिकारी-कर्मचारियों को धान उपार्जन प्रक्रिया का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इसमें उपार्जन केंद्र की तैयारी, वजन, केंद्र की सफाई, किसानों को टोकन जारी करना जैसे अन्य महत्वपूर्ण बिंदु शामिल है। एक से अधिक उपार्जन केंद्र वाले समितियों के वित्तीय आहरण संवितरण का अधिकार समिति के मुख्यालय में पदस्थ धान खरीदी प्रभारी को रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान कहा गया कि प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। अधिकारियों को भुगतान प्रक्रिया के महत्व को विशेष रूप से समझाया गया। प्रशिक्षण में खाद्य नियंत्रक श्री अमृत कुजुर, डीएमओ, सहायक खाद्य अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारिता निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक, संस्था प्रबंधक, पर्यवेक्षक मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 खाद्य सुरक्षा पारदर्शिता और जनसेवा में बिलासपुर अग्रणी

■ खाद्य विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण, पोषण सुधार एवं किसान कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर खाद्य विभाग ने जनसेवा, पारदर्शिता और सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। विभाग का उद्देश्य प्रत्येक पात्र हितग्राही तक रियायती दर पर खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा खाद्य सुरक्षा, पोषण सुधार और महिला सशक्तिकरण के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। महिला सशक्तिकरण और रोजगार - जिले में 690 उचित मूल्य दुकानें संचालित हैं, जिनमें से 294 दुकानों का संचालन महिला स्व सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा राशनकार्ड में महिला मुखिया को प्राथमिकता दी गई है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कुपोषण उन्मूलन और पोषण सुधार - विभाग द्वारा फोर्टीफाइड चावल वितरण जैसी पहल के माध्यम से कुपोषण दर में कमी लाई गई है। इससे बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार आया है। कोविड-19 काल में जनसेवा - कोविड-19 संकट काल में विभाग ने घर-घर राशन वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई। साथ ही प्रवासी मजदूरों और गैर-राशनकार्डधारियों को भी अन्न उपलब्ध कराया गया, और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को निरंतर नि:शुल्क खाद्यान्न प्रदान किया गया। डिजिटल प्रणाली और पारदर्शिता -ई-पॉस मशीन आधारित ऑनलाइन वितरण, आधार प्रमाणीकरण, नामिनी और ओटीपी आधारित वितरण और राशन पोर्टेबिलिटी सुविधा दी जा रही है। इन सभी उपायों से विभाग ने वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और सुलभता सुनिश्चित की है। नि:शक्तजन और विशेष वर्ग - नि:शक्तजन हितग्राहियों के लिए पृथक राशनकार्ड




योजना। पात्र नि:शक्तजनों को नि:शुल्क खाद्यान्न प्रदाय करना। निगरानी और शिकायत निवारण - त्रिस्तरीय निगरानी समिति दुकान, विकासखंड एवं जिला स्तर पर है। टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 जारी किया गया है। राशन दुकानों से संबंधित शिकायत इस पर दर्ज कराई जा सकती है। जनभागीदारी साइट भी बनाया गया है। इन व्यवस्थाओं के माध्यम से विभाग ने पारदर्शिता और जनभागीदारी सुनिश्चित की है। उज्ज्वला योजना - जिले में 2,94,134 महिलाओं को रियायती दर पर गैस कनेक्शन दिए। कुल 4,95,817 गैस कनेक्शन (उज्ज्वला सहित)। किसान कल्याण और धान खरीदी - 140 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 69,19,835 क्विंटल धान खरीदी की गई। टोकन तुहर हाथ' एप के माध्यम से टोकन जारी किया गया। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की गई और बोनस भुगतान किया गया। कस्टम मीलिंग और धान उठाव - जिले में 177 राइस मिलें हैं। 74,68,073 क्विंटल धान का उठाव। इससे स्थानीय उद्योगों को गति मिली और रोजगार के अवसर भी बढ़े।

## मसाज कराने गये तहसीलदारों से मारपीट, चार आरोपी गिरफ्तार हुए

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कुसमुंडा थाना क्षेत्र के आदर्श नगर बस्ती में मंगलवार रात दो नायब तहसीलदारों पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। घटना में दीपका तहसीलदार अमित केरकेटा और हरदीबाजार तहसीलदार अभिजीत राजभानु गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सिर पर चोटें आईं और उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच की दीपका तहसीलदार अमित केरकेटा और हरदीबाजार तहसीलदार अभिजीत राजभानु एक परिचित की जानकारी पर अपने-अपने वाहनों से मसाज कराने के लिए आदर्श नगर स्थित राजेश ब्यूटी पार्लर पहुंचे थे। इस दौरान कुछ युवक वहां आ गए और तहसीलदारों के ड्राइवर से कहासुनी करने लगे। विवाद बढ़ा तो तहसीलदार दोनों बाहर आए और समझाने की कोशिश की, लेकिन तभी युवकों ने दोनों पर हमला बोल दिया। मारपीट इतनी अचानक हुई कि मौके पर हड़कंप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, लेकिन हमलावर युवक फरार हो गए। सूचना मिलते ही कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज सिंह तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में चार युवक पुनेश, बबन, डिंपल और हितेश सारथी को गिरफ्तार कर लिया गया हैं।



# सर्दियों में सांस के रोगी रहें सचेत

सर्दियों में तापमान में कमी और वातावरण में प्रदूषित तत्वों की बढ़ी हुई मात्रा सेहत के लिए मुसीबत का कारण बन सकती है। सर्दियों का मौसम खासतौर पर सांस के मरीजों के स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन जाता है। इस मौसम में सांस संबंधी दिक्कतें जैसे दमा, फ्लू और सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या काफी बढ़ जाती है।

## प्रदूषित कोहरे का दुष्प्रभाव

सर्दियों में होने वाला कोहरा (जो वायुमंडल की जलवाष्प के संघनित होने से बनता है) कमोबेश हानिरहित होता है, लेकिन धुएं और सस्पेन्डिड पार्टिकल्स (छोटे-छोटे प्रदूषित कणों) के इर्द-गिर्द जमने से बना स्मोग (प्रदूषित कोहरा) मानव शरीर और खासतौर पर श्वसन तंत्र के लिए किसी विपत्ति से कम नहीं होता। इस वजह से लोगों की आंखों में जलन, आंसू, नाक में खुजली, गले में खराश और खांसी जैसे लक्षण सामान्य तौर पर देखने को मिलते हैं। सर्दी बढ़ने के साथ ही सांस की नली की संवेदनशीलता तुलनात्मक रूप से बढ़ जाती है, जिससे सांस की नली सिकुड़ती है। इस कारण सांस के रोगियों में समस्या की आशंका बढ़ जाती है।

## वृद्ध रहें सजग

वृद्धों में सांस संबंधी समस्याएं कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती हैं। दरअसल बुजुर्गों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण उन्हें सांस संबधी बीमारियों का ज्यादा खतरा रहता है।

दमा या अस्थमा- वातावरण में किसी भी प्रकार के बदलाव से शरीर में परिवर्तन होता है, जिससे, एलर्जी और अस्थमा के रोगी मुख्य रूप से प्रभावित होते हैं। जाड़े में इन मरीजों की परेशानियां बढ़ जाती है। इसलिए उन्हें विशेष तौर पर अपना ख्याल रखने की सलाह दी जाती है।

फ्लू या इंफ्लूएंजा- यह समय फ्लू या इंफ्लूएंजा के वाइरस के सक्रिय होने का है। इस कारण फ्लू के मामलों में काफी वृद्धि हो जाती है। बच्चों, वृद्धों, गर्भवती महिलाएं और एच.आई.वी. से पीड़ित रोगियों में यह संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है।



## क्या करें

- सांस के रोगी खासकर दमा के मरीज न सिर्फ सर्दी से बचाव करें बल्कि नियमित रूप से डॉक्टर के संपर्क में रहें। डॉक्टर की सलाह से अपने इनहेलर की डोज भी दुरुस्त कर लें। कई बार इनहेलर्स की मात्रा बढ़ानी होती है।
- सर्दी से बचकर रहें। पूरा शरीर ढकने वाले कपड़े पहनें। सिर, गले और कान को खासतौर पर ढकें।
- सर्दी के कारण साबुन-पानी से हाथ धोने की अच्छी आदत न छोड़ें।
- गुनगुने पानी से नहाएं।
- सर्दी के मौसम में मालिश लाभप्रद है।
- सर्दी, जुकाम, खांसी, फ्लू और सांस की अन्य बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को सुबह- शाम भाप(स्टीम) लेनी चाहिए।
- फ्लू के रोगी खांसते या छींकते समय मुंह पर हाथ रखें या रूमाल का प्रयोग करें।
- फ्लू के रोगियों द्वारा इस्तेमाल की गई वस्तुओं जैसे रूमाल व चादरों आदि को सुरक्षित विधि से साफ करें।
- अगर आप में फ्लू के लक्षण हैं, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें और घर मे ही रहें।
- फ्लू पीड़ित से कम से कम 1 मीटर दूर रहें।
- हाथ मिलाने या गले मिलने से बचें, भारतीय पद्धति के अनुसार नमस्कार करें।

## क्या न करें

- सर्दी में सांस के मरीजों को सुबह की सैर नहीं करनी चाहिए।
- सुबह ठंडे पानी से न नहाएं। सांस के रोगियों को अलाव के धुएं से बचना चाहिए, अन्यथा इससे उन्हें सांस का दौरा पड़ सकता है।

# घर पर करें गोभी और मिर्च से रोगों का उपचार

जार्जटाऊन यूनिवर्सिटी मैडीकल सैंटर के शोधकर्ताओं के अनुसार फूलगोभी, पत्तागोभी तथा जलकुंभी परिवार की सब्जियों में एक प्रकार का पदार्थ पाया जाता है जो मानव एवं जानवर दोनों में फेफड़े का कैंसर रोकने में सहायक होता है।

शोधकर्ताओं के अनुसार 'प्रेफेक्स' नामक एक ऐसा पदार्थ गोभी में पाया जाता है जो फेफड़े को कैंसरग्रस्त होने से रोकता है। यह पदार्थ सैक्स उत्तेजक भी होता है। इसी प्रकार मिर्च खाने से शरीर की चर्बी कट जाती है और वजन कम हो जाता है।

मिर्च की तासीर के कारण चर्बी बढ़ाने वाली कोशिकाएं खुद ब खुद नष्ट होने लगती है। ताईवान के शोधकर्ता चिन-लिन-शू के अनुसार मिर्च शरीर के चयापचय की प्रक्रिया को तेज करती है और यह मोटापे को कम करने के साथ ही कालरा तथा ब्रांकाइटिस जैसी बीमारियों का उपचार भी करती है।



गोभी और मिर्च से बहुत से रोगों का उपचार घर पर ही किया जा सकता है। आईए जानें कैसे

### गोभी

1 गोभी में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को दरूस्त रखते हैं और पेट संबंधी रोगों से राहत देते हैं।
2 गोभी का सेवन करने से कैंसर जैसी भयानक बीमारी का खतरा कम होता है।
3 गोभी का सेवन मोटापे से निजात दिलाता है।
4 गोभी में कैल्शियम की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो शरीर की हड्डियों के लिए काफी फायदेमंद होती है और दांतों को भी मजबूत बनाने में मददगार साबित होती है।

### मिर्च

1 जब आप हरी मिर्च अपने दांत से चबाते हैं तो इसका तीखा अनुभव आपके मुंह में अधिक थूक पैदा करता है जो रक्त के थक्कों को घोलने में काफी सहायक होता है।
2 हरी मिर्चों में विटामिन सी की मौजूदगी शरीर को खांसी, जुकाम तथा श्वास संबंधी अन्य समस्याओं से बचाने में सहायता करती है।
3 हरी मिर्च में मौजूद विटामिन के ओस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करता है।
4 हरी मिर्च एक प्राकृतिक दर्द निवारक है और यह ओस्टियोआर्थराइटिस जैसी स्थितियों में इलाज में काफी लाभदायक होती है।
5 मोटापे से पीड़ित लोगों में कोलैस्ट्रॉल के स्तरों को कम करने में हरी मिर्चे काफी सहायक होती हैं।

# मानव पर रंगों का प्रभाव

सफेद रंग हल्केपन एवं शीतलता का आभास देता है।

पीला रंग उत्फुल्लता, हल्केपन खुलेपन और गर्माहट का आभास देता है, नब्ज की रफ्तार तेज करता है परंतु आक्रामक प्रतिक्रिया भी पैदा कर सकता है।

बैंगनी रंग थकान और भारीपन का भ्रम उत्पन्न कर थकान, बोरियत या बोझ की अनुभूति करता है।



गहरा नीला रंग मस्तिष्क को विश्रांति देता है किन्तु दुख का बोध भी कराता है। गहरे नीले रंग से पूरा कमरा ठंडा एवं भरा-भरा प्रतीत होता है।

हरा रंग शांति एवं शीतलता का अहसास कराता है। आंखों से दबाव घटाकर नेत्र ज्योति तेज करता है। खून का दबाव भी सामान्य करता है। हल्का नीला रंग शीतलता व अलगाव द्वारा चैन देता है। काला रंग ओजस्विता कम करता है, अवसादकारक एवं उत्पीड़क बोझ देने वाला है। काले रंग पुते तल काफी बड़े प्रतीत होते हैं। भूरा रंग स्थायित्व, गर्म और मानसिक संतुलन बोधकारक होता है। सलेटी रंग को ठंडा, नीरसता व विरक्तिबोधक माना जाता है। श्वेत एवं नीले रंग के सम्मिश्रण को शीतलता और चैन का द्योतक कहा गया है। जामुनी रंग गर्म एवं उत्साहवर्धक माना गया है। लाल रंग गर्मजोशी, मनोबल बढ़ाता है, मगर देर तक हावी रहना थकान एवं धड़कन बढ़ाता है

# ठंड में त्वचा रोगों से बचाव के घरेलु नुस्खे



1 सर्दी के मौसम में स्वस्थ त्वचा के लिए जरूरी है नियमित स्नान। भले ही आप प्रतिदिन न नहाएं परंतु हर दूसरे दिन नहाने का नियम बनाएं। जिस दिन नहीं नहाएं, उस दिन स्पंज करें तथा अंदर के कपड़े अवश्य बदलें। नहाने के लिए ठंडा-गर्म जैसा पानी चाहें, इस्तेमाल कर सकते हैं।
2 जाड़े में साबुन का प्रयोग ज्यादा न करें। नहाने से पहले पूरे बदन में तेल लगाएं। नहाने के बाद तेल या माश्चराइजर का उपयोग करें। पानी से करने वाले काम एक ही बार में निपटा लें। बार-बार पानी में हाथ न डालें। यदि पानी का काम करना जरूरी हो तो पहले हाथों में मलाई लगाएं। दस्ताने पहन कर काम करने से त्वचा सुरक्षित रहती है।
3 सर्दियों में धूप का नियमित सेवन करके चिलब्लेंस व डर्माटाइटिस जैसे रोगों से बचा जा सकता है। धूप में उतना ही बैठें जितनी देर आराम महसूस करें। अगर त्वचा लाल पडने लगे या सूजने लगे, तो धूप से हट जाएं। जिन्हें धूप से एलर्जी है उनके लिए सर्दी की धूप भी नुक्सानदायक है। ऐसे लोग धूप में कम निकलें। जब भी धूप में निकलें तो सिर पर स्कार्फ बांध लें या छतरी भी लगा सकते हैं।
4 हाथ-पैर की उंगलियों के सुन्न होने, खून का दौरा कम होने या त्वचा के फटने से बचने का सबसे अच्छा उपाय है संतुलित आहार। भोजन में दूध, दही और हरी सब्जियां खूब लें। विटामिन ए ज्यादा से ज्यादा लें। त्वचा के लिए गाजर का सेवन बहुत फायदेमंद है।
5 यूरिया आयंटमैंट त्वचा के फटने, सूजन और लाल होने वाली त्वचा के उपचार के लिए बहुत उपयोगी है। यह यूरिया से बनती है। इसको मलने से त्वचा काफी देर तक मुलायम बनी रहती है। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा में होने वाले रोगों से बचा जा सकता है तथा त्वचा स्वस्थ रहती है।

# कहीं आप भी खून की कमी का शिकार तो नहीं हो रहे



आज के भागदौड़ भरे जीवन में फास्ट फूड का प्रचलन बड़ रहा है। जिससे भोजन में पौष्टिक आहार की कमी के कारण आज प्रत्येक वर्ग के लोग खून की कमी से जूझ रहे हैं। जिसमें अधिकतर संख्या युवाओं की है जिसके कारण उन्हें कमजोरी आदि की शिकायतें होने लगी हैं। खून की पाई जाने वाली इस कमी को एनीमिया कहते हैं। एनीमिया का प्रमुख कारण सही प्रकार की डाइट न लेना है। पुरुषों में खून की मात्रा 14 से 18 ग्राम प्रति डैसीलीटर होनी चाहिए। वहीं महिलाओं में यह 12 से 16 ग्राम प्रति डैसीलीटर है। इससे कम मात्रा में पाए जाने वाले खून को एनीमिया कहते हैं। वैसे 10 ग्राम से अधिक खून वाले भी स्वस्थ रहते हैं, परंतु इससे कम खून वाले को अधिक से अधिक डाइट लेनी चाहिए।

एनीमिया की 3 स्टेज होती हैं, जिनमें प्रथम स्टेज को माइलड कहते हैं, जो 10 से 12 ग्राम होती है। वहीं 6 से 10 ग्राम को मोडरेट व 6 ग्राम से कम की स्थिति खतरनाक होती है। जिसे सीवियर एनीमिया कहते हैं।

एनीमिया अत्यधिक गंभीर रोग तब होता है जब हैपिटाइटिस बी, सी तथा एच.आई.वी. जैसे संक्रमण होते हैं। डाक्टरों का सुझाव है कि अधिक मात्रा में भी आयरन का सेवन नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे ह्रदय संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

कैसे करें खून की कमी पूरी

1 एनीमिया से निजात पाने के लिए बैलेंस डाइट जरूरी है। प्रोटीन, आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन, मांस, मछली में ही नहीं दूध, हरी सब्जियां, मटर, फलियों तथा पत्तेदार सब्जियों, शीरा, गुड़, किशमिश, खजूर, सेब इन सबमें अलग-अलग रूप में मिल जाते हैं। इन तत्वों में खून बनने में सहायता मिलती है।

2 खाना खाने से पहले व बाद में आधे घंटे तक चाय का सेवन भी नहीं करना चाहिए। चाय खाने में मिलने वाले पौष्टिक तत्वों को डाइजेस्ट नहीं होने देती।

3 आयरन युक्त डाइट तभी फायदेमंद होती है, जब उसके साथ विटामिन सी का भी सेवन किया जाए। विटामिन सी के लिए अमरूद, आंवला और संतरे का जूस लें। वैसे तो बैलेंस्ड डाइट और हैल्दी लाइफ स्टाइल ही काफी है लेकिन फिर भी किसी कारण से एनीमिया हो जाता है तो प्रापर ट्रीटमैंट लेना आवश्यक है। डाक्टर की सलाह से ब्लड टैस्ट कराएं ताकि बीमारी का कारण पता चल सके। उसके बाद ही डाक्टर आपका सही ट्रीटमैंट कर सकेंगे।

# रूखी त्वचा को कोमल बनाता है नारियल तेल

ठंड के कारण कई समस्याएं होती हैं. इस मौसम में त्वचा के रोग और सर्दी-जुकाम होना आम बात है. इन समस्याओं से निबटने के लिए प्रस्तुत हैं कुछ आसान घरेलू उपाय, जिनसे इन समस्याओं से निबटा जा सकता है.

- रूखी त्वचा से बचने के लिए नैचुरल मॉस्च्यूराइजर, जैसे- नारियल तेल लगाएं.



- शहद के साथ गुलाब जल मिला कर चेहरे पर लगाएं. इससे त्वचा में चमक आयेगी और चेहरा साफ होगा.
- स्नान से पहले नारियल तेल लगा लें, इससे चिकनाई और कोमलता आयेगी.
- नीबू का रस लगाएं. इसमें मौजूद विटामिन-सी चेहरे की चमक बनाये रखती है.
- सर्दी के मौसम में विटामिन की कमी के कारण होठ फटने लगते हैं, इसलिए टमाटर, गाजर, साबूत अनाज और फल-सब्जियों का सेवन करें.
- नारंगी के छिलके के पाउडर में शहद मिला कर लगाने से त्वचा निखरती है.
- जितना हो सके, आहार में विटामिन-इ युक्त खाद्य पदार्थों, जैसे- पालक, बादाम, कद्दू आदि का सेवन करना बेहतर होता है.

# सेहत का खजाना है पालक

हरी सब्जियों में पालक का नाम सबसे ऊपर है. यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद है. इसमें शरीर के लिए आवश्यक अमीनो एसिड, विटामिन ए, फोलिक एसिड, प्रोटीन और लौह तत्व भरपूर मात्र में होते हैं. इसके सेवन कई रोगों से भी छुटकारा मिलता है.

यह हरी पत्तेदार सब्जी गुणों से भरपूर है. पोषक तत्वों की प्राप्ति के लिए इसका नियमित सेवन बेहतर माना जाता है. पालक में विटामिन ए और सी प्रचुर मात्र में होते हैं. इसके अलावा विटामिन बी कॉम्पलैक्स, फोलिक एसिड, मैग्नीशियम की भी प्रचुरता होती है. शोध के अनुसार एक कप पालक से दिन भर की मैग्नीशियम की जरूरत का 40 प्रतिशत प्राप्त हो जाता है. मधुमेह पीड़ित लोगों के लिए भी पालक अच्छा विकल्प है. दही के साथ कच्चे पालक का रायता बहुत ही स्वादिष्ट और गुणकारी होता है.

इन रोगों से बचाता है -

ऑस्टियोपोरोसिस – खनिज तत्वों की प्रचुरता के कारण यह हड्डियों को मजबूत बनाता है और ऑस्टियोपोरोसिस को दूर रखता है.

आंखों की रोशनी - पालक मैकुलर डिजेनरेशन का जोखिम भी कम करता है. मैकुलर डिजेनरेशन 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अंधेपन का मुख्य कारण है. इसके अलावा, विटामिन ए की कमी से रतौंधी और आंखों की रोशनी में कमी जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं.

शरीर की क्षतिपूर्ति में सहायक - प्रचुर मात्र में मौजूद फोलेट डीएनए और कोशिकाओं की सामान्य क्षति को पूरा करता है और इससे शरीर स्वयं अपने नुकसान की भरपाई कर लेता है.

एंटीऑक्सीडेंट - यह शरीर में उपापचय व अन्य सामान्य क्रियाओं के दौरान बननेवाले फ्री-रेडिकल्स से लड़ने में सहायक है. फ्री रेडिकल्स कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और कैंसर तथा ह्रदयरोगों के कारण बन सकते हैं.

वजन घटाने में सहायक - इसमें फाइबर प्रचुर मात्र में होता है, इसलिए यह मोटापा घटाने के इच्छुक लोगों के लिए आदर्श आहार है. सलाद, सब्जी और जूस में पालक का ज्यादा-से-ज्यादा उपयोग बेहतर होता है.

पोस्टमेनोपॉजल सिंड्रोम - पालक में मौजूद मैग्नीशियम पीएमएस के लक्षणों में कमी लाता है. इस अवस्था में पेट फूलने जैसी शिकायतों से बचने के लिए पालक बेहतर विकल्प है.



प्रतिरक्षा प्रणाली बनाता है मजबूत - पालक में मौजूद पोषक तत्व प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं और शरीर को सामान्य संक्रमणों से बचाते हैं.

बालों को मिले मजबूती - इसमें बालों के लिए आवश्यक विटामिन भी विशेष मात्र में होते हैं. बाल झड़ने से परेशान लोगों को कच्चे पालक का सेवन करना चाहिए.

ये लोग न करें सेवन - पालक में कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो मिल कर कैल्सियम फॉस्फेट बनाता है. यह पानी में घुलता नहीं है, जिससे पथरी बन जाती है. इसलिए पथरी के रोगियों को सिर्फ पालक की सब्जी नहीं खानी चाहिए. पालक और हरी पत्तेवाली मेथी मिला कर साग बना कर खाने से पथरी नहीं बनती है. कच्चे पालक के रस के सेवन करने से भी पथरी नहीं होती है.

# हिम्मत हो तो ऐसी..निगम ने जिस ठेले को जब्त किया, उसे भाजपा नेता और टाइमकीपर ने बेचा

## फ्लाईओवर के नीचे निगम ने की थी कार्रवाई, आशीष डोंगरे और चिराग मेश्राम का नाम आया

▪ शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने सिटी कोतवाली में शिकायत की, कार्रवाई की मांग



**राजनांदगांव।** नगर निगम जिस ठेले को अतिक्रमण बताकर जीई रोड फ्लाईओवर से हटाया। इसके बाद उसे जब्त कर निगम परिसर में रखा। इस कार्रवाई के बाद एक बड़ा मामला सामने आया, जब्त ठेले को भाजपा नेता ने 15 हजार रुपए में किसी अन्य को बेच दिया। बात सामने आई तो उसने नगर निगम के टाइमकीपर को रुपए देने की बात कही। इस मामले को लेकर ठेला मालिक रवि कुमार और कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा सिटी कोतवाली पहुंचे और आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। फ्लाईओवर के नीचे काफी समय से रवि कुमार चाय का ठेल लगाता था, उसे रवि ने 80 हजार रुपए बनाया था। रवि ने बताया कि पिछले दिनों अतिक्रमण पर जो कार्रवाई नगर निगम ने की, उसमें उसका ठेला भी हटाया गया और उसे नगर निगम रखा गया। रवि ने बताया कि दीपावली में उसे अपने ठेले की पूजा भी नगर निगम में जाकर की। इसके बाद वह बाहर किसी काम से चला गया। लौटने पर जब उसे ठेला नगर निगम में नहीं मिला। काफी पता किया गया, निगम कर्मचारियों ने पूछताछ की गई। इस बीच उसे जानकारी मिली कि लखोली के पास कोई उसके ठेले को ले जाकर चखना दुकान चला रहा है। इस तरह से इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। बड़ा सवाल यह है कि आखिर निगम की कार्रवाई से जब्त ठेले को किस आधार पर ले जाया गया। इस मामले की जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### शहर अध्यक्ष ने बताया पूरा मामला, नेता और टाइमकीपर कौन है

इस पूरे मामले की जानकारी ठेला मालिक रवि ने कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा को दी। इस पर उन्होंने पूरे मामले की लिखित शिकायत बसंतपुर टीआई नंदकिशोर गौतम से की। छाबड़ा ने बताया कि ठेला नगर निगम की कार्रवाई के बाद हटाया गया। निगम से वह गायब हो गया, जानकारी मिली कि इस ठेले को दूसरे व्यक्ति को लखोली में रहने वाले भाजपा नेता आशीष डोंगरे ने दिया है, एवज में 15 हजार रुपए लिए। उससे पूछने बताया कि निगम टाइमकीपर चिराग मेश्राम भी इसमें शामिल है। सभी से चर्चा की गई, लेकिन सभी गोलमोल जवाब दे रहे हैं, इस पर शिकायत की गई है। कार्रवाई होनी चाहिए। टीआई गौतम ने कहा कि शिकायत मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

# अमित बघेल पर एफआईआर नहीं, छग बंद और सड़क पर प्रदर्शन की चेतावनी

## पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं की गई, सर्व समाज की हुई बैठक



**राजनांदगांव।** संस्कारधानी के अग्रसेन भवन में सर्व समाज की बैठक हुई। पिछले दिनों जोहार पार्टी अध्यक्ष अमित बघेल के विवादित बयान पर चर्चा हुई। पूर्व में इसे लेकर ज्ञापन भी दिया गया, लेकिन उस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस विषय को लेकर सर्व समाज के लोगों ने जल्द एफआईआर दर्ज करने की मांग की है, उन्होंने ऐसा नहीं करने पर छत्तीसगढ़ बंद करने की भी चेतावनी दी है। अमित बघेल के विवादित बयान से समाजों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। अग्रवाल समाज के भगवान अग्रसेनजी महाराज और सिंधी समाज के पूज्य भगवान झूलेलालजी के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के बाद दोनों समाजों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रदेश के कई शहरों में अग्रवाल एवं सिंधी समाज ने शांतिपूर्वक ज्ञापन देकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की थी, किंतु प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम न उठाए जाने से नाराज़गी और बढ़ गई है। इस बैठक में लगभग 30 समाजों के करीब 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में अग्रवाल समाज, सिंधी समाज, महेश्वरी पंचायत, खंडेलवाल समाज, मारवाड़ी समाज, ब्राह्मण समाज, शांत क्रांति जैन संघ, लोहाणा समाज, गुप्ता समाज, पाटीदार गुजराती समाज, जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ, तेरापंथ सभा, आदिवासी समाज, अग्रहरि समाज, राजपूत समाज सहित अन्य समुदायों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार इस मामले में कड़ी कार्रवाई कर अमित बघेल को गिरफ्तार करे, अन्यथा आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# नागरिको को पेयजल समस्या से निजात दिलाने पानी टंकी का निर्माण शीध्र पूर्ण हो : आयुक्त



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी, सुलभ शौचालय, शासकीय हाई स्कूल, बाल स्कूल सहित सर्कुलर मार्केट प्रस्तावित शौचालय निर्माण स्थल का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त एवं पार्षद विनोद चेलक द्वारा पावर हाउस फल मंडी के समीप निर्माणाधीन पानी टंकी का अवलोकन किया गया। उस क्षेत्र के नागरिको को होने वाले पेयजल की समस्या को देखते हुए नवीन ओवर हेड टेंक का निर्माण किया जा रहा है। इसके निर्माण से कई परिवारों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। आयुक्त ने वार्ड क्रमांक-36 महात्मा गांधी नगर स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण किये। शौचालय एवं आस-पास की साफ-सफाई का जायजा लिए और सफाई व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किये हैं। केम्प 02 शासकीय हाई स्कूल में नवीन भवन का निर्माण किया जा रहा है, जिसका अवलोकन कर आयुक्त ने संबंधित एजेंसी को निर्माण कार्य शीध्र पूर्ण करने कहा है। समीपस्थ बाल विद्यालय का निरीक्षण करते हुए साफ -सफाई व्यवस्था देखे। पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में पुराना भवन को तोड़कर नवीन शौचालय बनाना प्रस्तावित है, जिसका स्थल निरीक्षण कर कार्य शीध्र प्रारंभ कराने निर्देशित किये है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन उपस्थित रहे।

# बस्तर ओलंपिक की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का विधायक नेताम ने किया शुभारंभ

## 14 नवम्बर तक विभिन्न खेलों में अपने हुनर दिखाएंगे जिले के खिलाड़ी



**कांकेर।** बस्तर ओलंपिक 2025 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति के साथ शुभारंभ हुआ। उक्त प्रतियोगिता आज से 14 नवम्बर तक आयोजित होगी, जिसमें जिले के सभी सातों विकासखण्ड के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर विधायक आशाराम नेताम उपस्थित थे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से बेहतर भविष्य का निर्माण हो सकता है। यह अपनी प्रतिभा को ऊंचाई पर ले जाने का सशक्त माध्यम है।

नरहरदेव पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के डोम में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री नेताम ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खेल प्रतिभाओं का आगे बढ़ाने का सदैव सार्थक और सकारात्मक प्रयास किया। उन्होंने बताया कि बस्तर के युवक युवतियों में खेल प्रतिभाओं की कहीं कमी नहीं है। इस तरह के आयोजन से उन्हें उपयुक्त प्लेटफॉर्म प्रदेश सरकार द्वारा मुहैय्या कराया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अपने जीवन का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विजय हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। नगर पालिका कांकेर के अध्यक्ष अरूण कौशिक ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रौशन करने की बात कही। इस अवसर पर अन्य मंचस्थ अतिथियों ने भी उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित कर अपनी शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विधायक नेताम ने बस्तर ओलंपिक 2025 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता के शुभारंभ की विधिवत् घोषणा की। साथ ही खिलाड़ियों से सौजन्य भेंट कर परिचय प्राप्त किया। इसके पहले, विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मनमोहक प्रस्तुतिकरण दिया। अंत में विधायक एवं अन्य अतिथियों ने कोयलीबेड़ा एवं अंतागढ़ विकासखण्ड की कबड्डी प्रतिभागियों के बीच रोमांचक मैच का आनंद लिया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, महेश जैन, सतीश लाटिया, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, एसडीएम अरूण वर्मा, खेल अधिकारी संजय जैन सहित सभी विकाखण्ड से आए खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षक एवं कोच बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बस्तर ओलंपिक 2025 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स-100 मी., 200 मी. और 400 मी., लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जेवेलिन थ्रो 100 मी. रिले रेस, तीरंदाजी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, हॉकी, कराते, व्हॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग तथा महिला सीनियर वर्ग के लिए रस्साकसी की प्रतियोगिता आज से 14 नवम्बर तक होगी। इसमें जीत हासिल करने वाले प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

# पीएम आवास की लाटरी से 10 हितग्राही हुए लाभान्वित



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई सभापति गिरवर बंटी साहू, निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, जोन-2 अध्यक्ष रामानंद मोर्या एवं अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 हितग्राहियों को खुली लाटरी पद्वति के माध्यम से मकान आबंटित किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं नगर पालिक निगम भिलाई महापौर नीरज पाल आवश्यक कार्य के कारण लाटरी में उपस्थित नहीं हो पाये। विधायक एवं महापौर ने आज की लाटरी में आवास प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को शुभकामनाएं दिये। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानों का मुख्य कार्यालय सभागार में समय 12:00 बजे से खुली लाटरी आयोजित की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (ए.एच.पी.) मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत निर्मित/ निर्माणाधीन आवासो की कुल संख्या 1669 है, जिसमें से 1032 आवास हितग्राहियों को आबंटित किया जा चुका है। रिक्त आवासों की संख्या 637 है, जिसका लाटरी निकालकर आवास आबंटन किया जायेगा। लाटरी में वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं अन्य हितग्राहियों को शामिल करते हुए लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को वंदे मातरम कुरूद भिलाई एवं सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया का मकान आबंटित किया गया है। लाटरी के दौरान आवास प्रभारी विद्वयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता सिंह ठाकुर, थलेश्वर जोशी, मोहन राव, महेत्तर सोनी, जागेश्वर साहू उपस्थित रहे।

# हत्या के मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता 24 घण्टें के भीतर आरोपी कैटिज कुलदीप गिरफ्तार




**कांकेर।** ग्राम किलेपार में संतुराम देशमुख की हत्या की सूचना मिलने पर थाना नरहरपुर प्रभारी निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल, चौकी हल्बा प्रभारी निरीक्षक कोमल भूपेन्द्र पटेल के हमराह टीम गठित कर मौका पहुंचकर शव का निरीक्षण कर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मृतक संतु राम देशमुख पिता बरातु देशमुख उम्र 54 वर्ष की हत्या करने का मामला पाये जाने से चौकी हल्बा थाना नरहरपुर में अपराध 136/2025 धारा 103(1) कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता के मद्देनजर उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला उ.ब कांकेर आई. के. ऐलेसेला के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर अविनाश ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल, निरीक्षक कोमल भूपेन्द्र पटेल चौकी प्रभारी हल्बा के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले में अज्ञात आरोपी की पतासाजी प्रारंभ कर घटना स्थल के आसपास लोगों व ग्रामीणों से बारिकी से पूछताछ किया गया और अज्ञात आरोपी के पतासाजी के लिय मुखबिर तैनात किया गया। जिससे पुलिस को जानकारी मिली कि कैटिज कुलदीप नामक व्यक्ति घटना के समय घटना स्थल के आसपास देखा गया है। संदेही कैटिज कुलदीप को पुलिस अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पुछताछ किया गया जिसने आरोपी कैटिज कुलदीप के द्वारा बताया कि 8 अक्टूबर के दोपहर करीब 3 बजे वह मृतक जिस मकान में रहता था उसके बाड़ी में अनाधिकृत रूप से पाया गया जिस पर मृतक संतु राम के द्वारा आरोपी कैटिज कुलदीप को मां बहन की गाली गलौच किया गया। जिससे आक्रोश में आकर कैटिज कुलदीप के द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट किया। जिससे संतुराम जमीन पर गिर गया। तब आरोपी के द्वारा ईट पत्थर से मृतक के सिर में वार किया गया जिससे संतु राम बेहोश हो गया। फिर आरोपी आक्रोश में आकर हत्या के नियत से अपने घर से चाकू लेकर आया और संतु राम के गर्दन, सीना एवं चेहरे पर बार बार चाकू से वार करके संतु राम की हत्या कर दिया। और वहां से भाग कर चाकू को घर के कुंए में फेंक दिया तथा पहने खून से सने कपडा को घर में छुपा दिया। पुलिस द्वारा हत्या में प्रयुक्त चाकू और आरोपी के खून से सने कपडा को जप्त कर किया गया है। तथा आरोपी कैटिज कुलदीप पिता प्रमोद कुलदीप उम्र 19 वर्ष निवासी किलेपार चौकी हल्बा थाना नरहरपुर को पुलिस के द्वारा ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# पुलिस कप्तान पहुंची बागनदी-चिचोला थाना निरीक्षण के बाद दिए निर्देश

## दस्तावेजों के संधारण की बात की, शिकायतों को जल्द निपटारा करने कहा



**राजनांदगांव।** जिले के बार्डर से लगी बागनदी थाना और चिचोला पुलिस चौकी का पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने निरीक्षण किया। यहां उन्होंने जवानों से मुलाकात की, उसकी समस्याएं सुनी। इसके बाद थाना-चौकी में आए लोगों से भी चर्चा की। उन्होंने थाने के रिकार्ड को दूरूस्थ और शिकायतों का समय पर निराकरण करने का निर्देश दिया। पुलिस कप्तान ने मिली जानकारी के अनुसार थाना बागनदी एवं पुलिस चौकी चिचोला पहुंच कर थाना/चौकी का अवचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाने में रखे दस्तावेज, व्ही.सी.एन.बी., रोजनामचा, अन्य रजिस्टर, लंबित अपराध, लंबित शिकायत आदि का अवलोकन कर लंबित मामलों को जल्द से जल्द निकाल करने कहा गया। थाना की साफ-सफाई जवानों के वेशभूषा को भी देखा गया। साथ ही थाना के सस्त्रागार, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया गया, थानों में जब्त खड़े वाहनों के निराकरण करने हेतु दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने एवं चौकी में शिकायत लेकर आने वाले प्रार्थियों से भी चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना गया एवं त्वरित निराकरण करने हेतु थाना/चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त थाना में तैनात पुलिस स्टाफसे रूबरू हो कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और उसके निदान के लिए आश्वासन दिया गया।

## बिहार के कुंदन राज ने दुलदुला की नाबालिग का वीडियो बनाकर किया शोषण

# सामाजिक मीडिया पर असमाजिक हरकत... ऑनलाइन शादी, अश्लील वीडियो और दोस्त से मनवाया सुहागरात



**जशपुरनगर।** सामाजिक मीडिया कैसे लोगों को असामाजिक कार्यो की ओर ले जा रहा है यह वर्तमान में बहुत गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। एक नाबालिग का ऑनलाइन शोषण कर उसका अश्लील वीडियो बनाकर उससे शादी फिर अजनबी को भेजकर सुहागरात बनाने जैसी गंभीर घटना को बिहार के एक युवक ने अंजाम दिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2022 में 9 अप्रैल को थाना दुलदुला क्षेत्रांतर्गत एक की 17 वर्षीय नाबालिक पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, वर्ष 2021 में उसे एक अंजान व्यक्ति के द्वारा मोबाइल से फोन किया गया था, जिसके द्वारा पीड़ित प्रार्थिया को बोला गया कि उसका नाम कुंदन राज है, व पटना बिहार में रहता है,वह उसकी सोशल मीडिया में डी पी को देखकर उसे पसंद करने लगा है, व दोस्ती करना चाहता है,पीड़ित प्रार्थिया के मना करने के बावजूद वह, प्रार्थीया को जबरन फोन करता रहता था, फिर उसके द्वारा एक दिन अपने हाथ का नश कटा हुआ फोटो, वाट्सअप के माध्यम से, प्रार्थिया को भेजा गया, जिससे प्रार्थिया आरोपी कुंदन राज के झांसे में आ गई, और वे दोनों वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत करने लगे, इसी दौरान आरोपी कुंदन राज के द्वारा, प्यार व शादी का झांसा देते हुए, मोबाइल पर ही पीड़ित प्रार्थिया से शादी किया गया था। इस तरह सुहागरात -वीडियो कॉल के माध्यम से सुहागरात मनाने के नाम पर प्रार्थिया को बरगलाते हुए अश्लील वीडियो बना लिया गया। आरोपी कुंदन राज के द्वारा बार बार, वीडियो कॉल के माध्यम से प्रार्थिया का अश्लील वीडियो बनाने की मांग करने पर, पीड़ित प्रार्थिया के द्वारा परेशान होकर अश्लील वीडियो बनाने से मना किया गया, जिस पर आरोपी कुंदन राज के द्वारा प्रार्थिया को यह कहकर ब्लैकमेल किया जाने लगा, कि अगर वह और अश्लील वीडियो बनाने से मना करेगी तो वह उसका पुराना अश्लील वीडियो, जिसे कि उसने पहले ही सेव करके रख लिया था, उसे वह वायरल कर देगा, जिस पर प्रार्थिया अपनी अश्लील वीडियो वायरल हो जाने के डर से, आरोपी कुंदन राज की बात मानने को तैयार हो गई, और वो जैसा बोलता था, वैसा ही करने लगी, इसी दौरान आरोपी कुंदन राज के द्वारा प्रार्थिया से अजीब मांग की गई कि चूंकि वहदूर में रहता है, अतः अपने एक दोस्त को, सुहाग रात के नाम पर शारीरिक संबंध बनाने, प्रार्थिया के पास भेज रहा है, वह उसके साथ अश्लील कार्य करते हुए, वीडियो के द्वारा देखना चाहता है।

**वीडियो वायरल की देता था धमकी**-चूंकि आरोपी कुंदन राज के पास, पीड़ित प्रार्थिया के घरवालों, सहेलियों का भी मोबाइल नंबर था, अतः उसकी बात नहीं मानने पर, पीड़ित प्रार्थिया के सभी अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दिया गया, प्रार्थिया भयभीत होकर, आरोपी कुंदन राज की बात मानने को तैयार हो गई, इसी दौरान अक्टूबर 2021 में प्रार्थिया के पास आरोपी कुंदन राज के द्वारा भेजा गया, एक व्यक्ति आया, व अपना फर्जी नाम दीपक यादव बताया व थाना दुलदुला क्षेत्रांतर्गत ही रहने वाला बताया, उसके द्वारा पीड़ित प्रार्थिया के साथ दुष्कर्म किया गया, जिसको वीडियो कॉल के माध्यम से आरोपी कुंदन राज भी देख रहा था। आरोपी कुंदन राज के द्वारा, और भी ऐसे वीडियो बनाने की मांग की जा रही थी, प्रार्थिया के मना करने पर, आरोपी कुंदन राज ने अश्लील वीडियो को, पीड़ित प्रार्थिया की बड़ी बहन के पास भेज दिया। प्रार्थिया लोक लाज के भय से चुप थी, अंततः हिम्मत कर, अपनी दीदी के थाना दुलदुला आकर मामले के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई।

**मामला हुआ दर्ज** -मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस के द्वारा तत्काल आरोपी कुंदन राज व उसके साथी के विरुद्ध थाना दुलदुला में भा द वि की धारा 294, 506, 354(क) (ग),376, (2) (ठ), 509(ब) व 4,6,12 पॉस्को एक्ट तथा आई टी एक्ट की धारा 67(ड़) के तहत है अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया।

**कुंदन 2022 में गया जेल**- पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए वर्ष 2022 में ही आरोपी कुन्दन राज को पटना बिहार से हिरासत में लेकर, विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, उसके कब्जे से मोबाइल फेन को भी जप्त कर लिया गया था। पूछताछ पर पुलिस के द्वारा आरोपी कुन्दन राज की निशान देही पर, दूसरे व्यक्ति, जिसने की पीड़ित प्रार्थिया से दुष्कर्म किया था, उसे भी चिन्हित कर लिया था, जिसका नाम दिलीप चौहान था व थाना दुलदुला क्षेत्रांतर्गत ही निवासी था, दिलीप चौहान के द्वारा पीड़ित प्रार्थिया को अपना फर्जी नाम दीपक यादव बताया गया है।

**गोवा में रहता था दिलीप** -आरोपी दिलीप चौहान, घटना दिनांक से ही फरार था, पुलिस लगातार उसके छिपने के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। वह इतना शातिर था कि बार बार अपने ठिकानों को बदलता रहता था। पुलिस के द्वारा फरार आरोपी दिलीप चौहान को पकड़ने हेतु, मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया था, साथ ही पुलिस की टेक्निकल टीम की भी मदद ली जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबीर व टेक्निकल टीम की मदद से पता चला कि फरार आरोपी गोआ में है, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने पुलिस टीम गठित कर, आरोपी दिलीप चौहान की पातासाजी हेतु, गोवा रवाना की गई थी, जहां भी आरोपी दिलीप चौहान, पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, पुलिस उसे लगातार ट्रेस कर रही थी, अंततः कुनकुरी क्षेत्र से पुलिस को फरार आरोपी दिलीप चौहान को पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस के द्वारा, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष, पीड़ित प्रार्थिया से आरोपी दिलीप चौहान की पहचान की कार्यवाही की गई, पीड़ित प्रार्थिया ने दिलीप चौहान को पहचान लिया।

**जुर्म कबूल किया**-पूछताछ पर आरोपी दिलीप चौहान के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर उसे, विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

**इन्हें मिली सफलता** – मामले की कार्यवाही व आरोपी की गिरफ्तारी में साइबर सेल से निरीक्षक संत लाल आयाम, प्रधान आरक्षक अनंत मिराज किस्पोट्टा व साइबर सेल की टीम तथा थाना प्रभारी दुलदुला निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, आरक्षक आनंद खलखो, अकबर चौहान , बसनाथ साहनी, अल्बर्ट कुजूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

........................................................................

दुलदुला क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2021 में एक नाबालिक बालिका के साथ बिहार के एक आरोपी मोबाइल के जरिए दोस्ती कर,वीडियो काल के माध्यम से की थी शादी, सुहागरात के नाम पर, वीडियो कॉल से बना ली थी अश्लील वीडियो, नाबालिग बालिका को ब्लैकमेल करअपने साथी दिलिप चौहान से भी करवाया था, नाबालिक का दुष्कर्म , पुलिस ने एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, दूसरा आरोपी दिलीप चौहान , फरार था, जिसे कि पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा जाएगा।

-शशि मोहन सिंह, एसएसपी जशपुर

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com